हरिभूमि
# रायपुर भूमि

ये है जानलेवा लापरवाही... ट्रेन चली तो जीवन होगा खत्म





# खतरों के खिलाड़ी...कुम्हारी स्टेशन पर मालगाड़ियों के नीचे से गुजर रहे लोग, जान का जोखिम, हादसे को न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

कुम्हारी रेलवे स्टेशन में यात्रियों की लापरवाही और रेलवे की अनदेखी किसी भी वक्त बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। यहां मालगाड़ी के डिब्बों को जोड़ने वाली कपलिंग के नीचे से होकर यात्रियों का स्टेशन पहुंचना अब आम बात हो गई है। सुबह से लेकर देर रात तक ग्रामीण इलाके से आने-जाने वाले लोग प्लेटफॉर्म ▶▶|शेष पेज 13 पर





### गुजरती रहती है ट्रेनें

कुम्हारी स्टेशन में जिस पटरी से होकर यात्री खेतों के रास्ते स्टेशन पहुंचते हैं, वहां मालगाड़ियों की नियमित आवाजाही बनी रहती है। स्टेशन पर मौजूद हालात के दौरान देखा गया कि कई यात्री बिना सिग्नल और ट्रेन मूवमेंट की परवाह किए, खड़ी मालगाड़ियों के नीचे से होकर स्टेशन की ओर बढ़ रहे हैं। यह वही लाइन है जहां अक्सर ट्रेन खड़ी रहती है और आगे भी यहीं से रवाना होती है। ऐसे में ज़रा सी चूक भी बड़ा हादसा बन सकती है।

### मालगाड़ी के पहियों के नीचे से गुजरते दिखे यात्री और बच्चे

कुम्हारी रेलवे स्टेशन में सुरक्षा को लेकर हर दिन लापरवाही सामने आ रही है। शनिवार को हरिभूमि की टीम ने जब मौके पर स्थिति देखी, तो प्लेटफॉर्म नंबर 3 की ओर खड़ी मालगाड़ी के नीचे से कई यात्री रेलवे स्टेशन पहुंचते दिखे। कुछ बच्चे तो कपलिंग के ऊपर से खेल-खेल में स्टेशन पार कर रहे थे, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका लगातार बनी हुई है। स्टेशन के पिछले हिस्से से आने-जाने के लिए कोई अधिकृत रास्ता नहीं है, ऐसे में लोग सामने से चक्कर काटने की बजाय ट्रेनों के नीचे से होकर जाना आसान समझ रहे हैं। यह प्रवृत्ति बेहद खतरनाक है, खासकर तब जब ट्रेन कभी भी बिना चेतावनी के चल सकती है। पहले यह समस्या इतनी गंभीर नहीं थी, लेकिन जब से स्टेशन के पीछे की ओर शराब दुकान खुली है, तब से ट्रेनों के नीचे से होकर आना-जाना आम हो गया है।

## खबर संक्षेप

### बैग स्नैचिंग का आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। आजाद चौक पुलिस ने एक स्नैचर को पकड़ा है। पुलिस गिरफ्त में आए स्नैचर ने शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों ने तीन बैग स्नैचिंग की घटना कबूल की है। बैग स्नैचिंग करने के आरोप में पुलिस ने उत्तम रोचलानी को गिरफ्तार किया है। उत्तम ने आजाद चौक, पुरानी बस्ती तथा कोतवाली थाना क्षेत्र में बैग स्नैचिंग को अंजाम देने का अपराध कबूल किया है। उत्तम के फरार साथी की पुलिस पतासाजी कर रही है।

### हाउस कीपर से आपसी रंजिश में मारपीट

रायपुर। पुरानी बस्ती थाने में डीके अस्पताल में हाउस कीपिंग का काम करने वाली एक महिला ने तीन महिलाओं के खिलाफ आपसी रंजिश के चलते मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बबीता तिवारी ने अरुणा, मधु तथा कनिष्का कल्ला के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

हिंदूवादी संगठन से जुड़े कार्यकर्ता पुलिस को चकमा देकर तेलीबांधा थाना पहुंचे

# सैकड़ों की संख्या में गिरफ्तारी देने पहुंचे बजरंग दल और विहिप कार्यकर्ता, थाना घेरा, पंडाल लगाकर बैठे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मैग्नेटो मॉल में तोड़फोड़ करने के आरोप में सात बजरंग दल कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के विरोध में बजरंग दल तथा विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को तेलीबांधा थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया। हिंदूवादी संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइंस थाने का घेराव करने की चेतावनी दी थी। मोतीबाग के पास एकत्रित होने के बाद कार्यकर्ता सिविल लाइंस थाने का घेराव करने के बजाय पुलिस को ▶▶|शेष पेज 13 पर

- कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइंस थाना घेराव करने दी थी चेतावनी



### आठ घंटा प्रदर्शन के बाद गिरफ्तारी

अपने सात कार्यकर्ताओं की रिहाई नहीं होने पर बजरंगदल के नेता तेलीबांधा थाना के सामने दोपहर दो बजे से रात आठ बजे तक डटे रहे। बजरंगदल नेताओं की मांग थी कि अपने साथियों की रिहाई नहीं होने पर पुलिस उनकी भी गिरफ्तारी करे। पुलिस ने बजरंगदल कार्यकर्ताओं को काफी समझाने का प्रयास किया। बावजूद इसके कार्यकर्ता ▶▶|शेष पेज 13 पर

### बीच रोड में हनुमान चालीसा के साथ हवन

हिंदूवादी संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने तेलीबांधा थाना के साथ शहर के प्रवेश मार्ग को घेरकर हनुमान चालीसा का पाठ करने के साथ हवन कुंड बनाकर हवन किया। इससे डेढ़ घंटे तक ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित हुई। बजरंग दल के जिला अध्यक्ष योगेश सैनी के अनुसार तोड़फोड़ में बजरंग दल का किसी भी प्रकार से ▶▶|शेष पेज 13 पर

### रात को लगाया पंडाल

प्रदर्शन के दौरान पुलिस से लगातार बजरंग दल और विहिप पदाधिकारियों की चर्चा होती रही। चर्चा विफल होने के बाद पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने थाने के सामने ही पड़ाल लगाकर विरोध करने का निर्णय लिया।

## कोर्ट परिसर बना अखाड़ा महिलाओं के दो गुटों के बीच जमकर हुई जूतम-पैजार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोर्ट पेशी में आई महिलाओं के दो गुटों के बीच शनिवार को जमकर मारपीट हुई। दोनों गुट की महिलाओं ने एक दूसरे के बाल खींचने के साथ मारपीट करते हुए कपड़े तक फाड़ दिए। दोनों गुटों के बीच मारपीट इतनी भयावह थी कि कोई भी महिलाओं के झगड़े को शांत कराने की हिम्मत नहीं जुटा पाया। मौके पर उपस्थित महिला वकील तथा अन्य महिलाओं ने झगड़ा शांत कराया। मारपीट की किसी भी पक्ष ने थाने में अब तक शिकायत दर्ज नहीं ▶▶|शेष पेज 13 पर

- मारपीट के मामले में पेशी में आई थी महिलाएं, इस दौरान हुई मारपीट

## धीरेंद्र शास्त्री के पैर छूने वाले टीआई के लाइन अटैच की चर्चा अफसरों ने कहा- कार्रवाई नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर, कथावाचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के ऑन ड्यूटी टीआई द्वारा पैर छूने का मामला जमकर वायरल हो रहा है। इसी बीच टीआई के लाइन अटैच होने की चर्चा दिनभर होती रही। टीआई के लाइन अटैच होने की पुष्टि करने हरिभूमि की टीम ने पुलिस अफसरों से संपर्क किया, तो अफसरों ने टीआई के किसी तरह के लाइन अटैच या किसी तरह की कार्रवाई से इनकार किया है।

उल्लेखनीय है कि कथावाचक दुर्ग के एक कार्यक्रम में शामिल होने रायपुर पहुंचे। इस दौरान स्टेट हैंगर में कथावाचक की सुरक्षा में लगे माना टीआई मनीष तिवारी ने कथावाचक को सैल्यूट करने के बाद उनका पैर छूकर आशीर्वाद लिया। पैर छूने का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल होने लगा। वीडियो वायरल होने पर कई लोगों ने पुलिस प्रोटोकॉल के विपरीत बताया है, तो एक वर्ग के लोगों ने इसे आस्था से जोड़ते हुए धीरेंद्र शास्त्री के पैर छूने की घटना को सामान्य बताया है। टीआई द्वारा धीरेंद्र शास्त्री के पैर छूने की घटना को राजनीतिक पार्टी से जुड़े लोग राजनीतिक रंग देने लगे हैं।

- तीन दिन पूर्व कथा वाचक के रायपुर आने पर माना टीआई ने पैर छुए थे

## गैंगस्टर मयंक न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल


साथी के पकड़े जाने या पुलिस का शिकंजा कसने पर कोड मैसेज भेजने दिए थे निर्देश
गैंगस्टरों ने छत्तीसगढ़ के लिए 2929 सेट किया था कोड, सिग्ना, जंगी एप से करते थे संपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

अमन साव गैंग के ऑपरेशनल हेड तथा लारेंस विश्नोई गैंग से जुड़े गैंगस्टर मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा को पुलिस ने शनिवार को कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है। मयंक सिंह को पुलिस ने वर्ष 2024 में तेलीबांधा थाना क्षेत्र के पीआरए तथा वर्ष 2023 में आरकेटीसी ग्रुप में फायरिंग कराने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रायपुर पुलिस ने मयंक सिंह को प्रोटेक्शन वारंट पर झारखंड, रामगढ़ जेल से रायपुर लाई थी।

पुलिस के अनुसार दोनों कारोबारी समूह से अमन साव गैंग ने प्रोटेक्शन मनी की मांग की थी। प्रोटेक्शन मनी देने से इनकार करने पर मयंक सिंह ने मलेशिया तथा थाईलैंड में बैठकर कारोबारी समूह में फायरिंग करने शूटर तथा हथियार की व्यवस्था की थी। झारखंड एटीएस द्वारा मयंक सिंह को अजरबैजान से इंटरपोल की मदद से अगस्त में गिरफ्तार किया गया। मयंक सिंह की गिरफ्तारी के बाद रायपुर पुलिस उससे पूछताछ करने कोर्ट में प्रोटेक्शन वारंट की अर्जी दाखिल की थी। कोर्ट से प्रोटेक्शन वारंट मिलने के बाद पुलिस ने मयंक सिंह को 24 अक्टूबर को रायपुर लाई थी। मयंक से पूछताछ करने कोर्ट ने चार दिन की पुलिस रिमांड स्वीकृत की थी। पुलिस रिमांड समाप्त होने के बाद पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल की है।

- तेलीबांधा में पीआरए तथा आरकेटीसी ग्रुप में फायरिंग कराने का आरोपी है




तीन दिन में बढ़ा दिए 29 हजार दाम, अब कीमत 254000 रुपए किलो

# सटोरियों का ऐसा खेला, बाजार बंद फिर भी चांदी के दाम ढाई लाख पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चांदी के दाम ने इस साल नया रिकॉर्ड बनाया है। इसके पीछे बहुत बड़ा हाथ सटोरियों का है। अभी बीते तीन दिनों से बाजार बंद है। बाजार अभी एक जनवरी तक बंद रहेगा, इसके बाद भी सटोरिए ऐसा खेल खेल रहे हैं, जिसके कारण चांदी के दाम ढाई लाख के पार होकर शनिवार को 254000 हो गए। पांच साल पहले चांदी के दाम सालभर में 5 से 10 हजार ही कम ज्यादा होते थे, लेकिन अब तो चांदी के दाम लगातार बढ़ रहे हैं और रिकॉर्ड पर रिकॉर्ड बन रहे हैं। पहले एक ही दिन में चांदी के दाम करीब दस हजार बढ़े और अब ▶▶|शेष पेज 13 पर

### सवा माह में एक लाख बढ़े दाम

चांदी के दाम किस रफ्तार से बढ़ रहे हैं इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि सवा माह में ही इसके दाम करीब करीब एक लाख बढ़ गए हैं। 21 नवंबर को चांदी के दाम राजधानी रायपुर में जीएसटी के साथ 155500 रुपए थे जो अब 27 दिसंबर को 254000 हजार हो गए हैं। यानी सवा माह में दाम 98500 रुपए बढ़े हैं। इसके दाम तो कभी दस साल में भी नहीं बढ़े।



### मुनाफाखोरी के खेल में बढ़े दाम

रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने बताया, अंतरराष्ट्रीय बाजार 25 दिसंबर से 1 जनवरी 2026 तक बंद हैं स्टॉकिस्ट एवं निवेशक मुनाफा वसूली कर रहे हैं जिसके कारण दाम में इजाफा हो रहा है। चांदी का औद्योगिक उपयोग जैसे सोलर पैनल में इलेक्ट्रॉनिक सामानों में एआई चिप्स में चांदी का उपयोग बढ़ गया है। अब तो चीन ने जनवरी 2026 से चांदी के निर्यात पर सखती लगा दी है, जिससे चांदी की आपूर्ति कम होने की संभावना है। इसके कारण भी दाम लगातार बढ़ रहे हैं।

### सालभर में एक लाख 65 हजार बढ़े दाम

चांदी के दाम कुछ साल पहले तक सीमित ही बढ़ते थे, लेकिन इस एक ही साल में चांदी के दाम में भारी इजाफा हुआ है। पांच साल पहले 2021 में चांदी के दाम जनवरी में 67520 रुपए थे। ये दाम कम होकर जनवरी 2022 में 60 हजार रुपए हो गए। इसके बाद एक साल में दाम 12 हजार ही बढ़े और जनवरी 2023 में 72 हजार रुपए हुए। इसके बाद एक साल में दाम महज चार हजार बढ़े और जनवरी में 2024 में दाम 76 हजार रुपए हुए। एक साल में फिर से दाम 12500 रुपए ही बढ़े और इस साल के प्रारंभ में इसके दाम 88500 हो गए।

## खबर संक्षेप



### तुलसी पूजन दिवस पर भंडारा, उमड़े श्रद्धालु

**रायपुर।** योग वेदांत सेवा समिति, महिला उत्थान मंडल तथा युवा सेवा संघ द्वारा शनिवार को तुलसी पूजन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रायपुर के विभिन्न क्षेत्रों बनरसी, पंडरी, अमलीडीह, धरमपुरा, डूंडा, बोरियाकला एवं आश्रम परिसर सहित कालीमाता मंदिर एवं आकाशवाणी परिसर में तुलसी पूजन, भंडारा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी दौरान समिति, महिला उत्थान मंडल तथा युवा सेवा संघ के सेवादारों द्वारा निशुल्क तुलसी के पौधों का वितरण किया और श्रद्धालुओं के लिए पुलाव, कढ़ी एवं हलवे का भंडारा का आयोजन किया गया। साथ ही उपस्थित श्रद्धालुओं को नववर्ष 2026 का कैलेंडर भी भेंट किया, जिसे लोगों ने बड़े हर्ष के साथ ग्रहण किया। कार्यक्रम में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी को तुलसी पूजा निमित्त महाप्रसाद की सौजन्य भेंट की एवं तुलसी पूजन दिवस का संदेश प्रेषित किया।

### सतनामी समाज का परिचय सम्मेलन 4 को कई प्रांतों से पहुंचेंगे युवा

**रायपुर।** गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी की ओर से 4 जनवरी को राजधानी के शहीद स्मारक भवन में सतनामी समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का राष्ट्र स्तरीय परिचय सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है, जिसकी तैयारी जोरों पर है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के अलावा देश के विभिन्न प्रांतो में निवासरत विवाह योग्य सतनामी प्रतिभागी अपने भावी जीवनसाथी की तलाश में परिजनों के साथ राजधानी पहुंच रहे है। इसके अलावा अविवाहित नवयुगलों के साथ-साथ विधवा, विधुर व तलाकशुदा प्राप्त महिला-पुरुष भी भाग ले सकेंगे। आयोजन समिति अध्यक्ष केपी खण्डे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि सम्मेलन में भारी भीड़ उमड़ेगी, जिसके मद्देनजर अग्रिम पंजीयन का दौर न्यू राजेंद्रनगर स्थित अकादमी भवन में लगातार जारी है। बिना पंजीयन किसी भी प्रतिभागी या उनके परिजनों को प्रवेश की अनुमति नहीं मिलेगी। कार्यक्रम दिवस भी 4 जनवरी को पंजीयन के लिए अलग से विशेष काउंटर खुली रहेगी।

### स्कूली बच्चों-ग्रामीणों ने खेलों में दिखाई अपनी प्रतिभा



**रायपुर।** जिले के विकासखंड धरसींवा अंतर्गत 35 ग्राम पंचायतों सहित परसतराई एवं दोंदेखुर्द में इस परियोजना की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों तथा स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों के साथ ग्रामीणों के लिए लूडो, शतरंज, सांप-सीढ़ी, कैरम, बजर गेम सहित गांव के पारंपरिक खेल का आयोजन हुआ। इस खेलों में स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी प्रतिभा दिखाई।

# पवन साय को बंगाल चुनाव में 56 विधानसभाओं की जिम्मेदारी, बना रहे जीत की रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय को बंगाल चुनाव के लिए 56 विधानसभाओं के एक जोन की जिम्मेदारी दी गई है। वे चौथी बार वहां के दौरे पर गए हैं और विधानसभाओं की बैठक लेकर वहां पर जीत की रणनीति बना रहे हैं। बंगाल में अलग-अलग जोन बनाकर करीब आधा दर्जन राज्यों के संगठन महामंत्रियों को जिम्मेदारी दी गई है।

- चौथी बार बंगाल के दौरे पर हैं प्रदेश के संगठन महामंत्री






बिहार चुनाव में ऐतिहासिक जीत के बाद अब भाजपा के राष्ट्रीय संगठन का बड़ा फोकस बंगाल चुनाव पर है। अगले साल मार्च-अप्रैल में वहां पर चुनाव संभावित है। भाजपा ने अभी से इसको लेकर तैयारी प्रारंभ कर दी है। वैसे भी भाजपा हमेशा से किसी भी राज्य में चुनाव से काफी पहले तैयारी प्रारंभ कर देती है। बिहार चुनाव में भी भाजपा ने काफी पहले से तैयारी की थी। प्रदेश के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल को वहां पर 50 विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई थी। श्री जामवाल बिहार में चार माह तक रहे और अपनी जिम्मेदारी वाली विधानसभाओं में लगातार बैठकें लेकर रणनीति बनाने का काम किया। इसका परिणाम यह रहा कि 50 सीटों में से 25 सीटों में भाजपा के प्रत्याशी मैदान में उतारे गए तो इसमें से 23 सीटों में भाजपा के प्रत्याशियों को जीत मिली।

### अब पवन साय पर भरोसा

भाजपा का राष्ट्रीय संगठन लगातार प्रदेश के नेताओं पर भरोसा कर रहा है। बिहार चुनाव में प्रदेश के जिन भी नेताओं को वहां पर विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई थी, उन सभी में भाजपा के प्रत्याशी जीते। अब राष्ट्रीय संगठन प्रदेश के नेताओं को बंगाल की भी जिम्मेदारी देगा। पहले चरण में प्रदेश के संगठन महामंत्री पवन साय को वहां पर एक जोन की 56 विधानसभाओं का जिम्मा देकर अभी से रणनीति बनाने का काम दिया है। श्री साय लगातार बंगाल का दौरा कर रहे हैं। एक बार फिर से वे बंगाल के दौरे पर गए हैं। वहां पर वे इस बार के दौरे में लगातार विधानसभाओं में बैठकें लेकर वहां पर भाजपा की स्थिति जान रहे हैं और उसके हिसाब से वहां पर जीत की रणनीति बनाई जा रही है।

## अब आवेदन, फाइलों को अफसर, कर्मी दबा नहीं पाएंगे

# जनवरी से बदलेगा सरकारी दफ्तरों में कामकाज का तरीका मंत्रालय, एचओडी और जिलों में होगा ई-ऑफिस सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में सरकारी कामकाज में 1 जनवरी 2026 से बड़ा बदलाव आने वाला है। 1 जनवरी, 2026 से समस्त विभागाध्यक्ष, संभाग आयुक्त और कलेक्टर कार्यालय मे संपूर्ण कार्यालयीन नस्ती और डाक का संपादन ई-ऑफिस के माध्यम से ही किया जाएगा।

विभाग प्रमुख के अनुमोदन के बिना कोई भी फिजिकल फाइल संचालित नहीं की जाएगी। ऐसे प्रकरण जिस पर शासन स्तर पर सहमति या अनुमोदन की आवश्यकता हो उसे अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा ई-ऑफिस के फाइल के माध्यम से ही शासन को प्रेषित किया जाए। सूचनात्मक पत्राचार ई-ऑफिस के रिसीप्ट (पावती) के माध्यम से किये जाए।

### कामकाज के तरीकों में बड़ा बदलाव

जानकारों का मानना है कि राज्य में ई आफिस सिस्टम लागू होने के बाद सरकारी कामकाज के तरीकों में बड़ा बदलाव संभावित है। अभी जो सरकारी दस्तावेज, फाइले मैन्युअल तरीके से चलती है, वह सब कुछ आनलाइन माध्यम से ई आफिस सिस्टम से चलेंगी। इस बदलाव से सरकारी कामकाज में पारदर्शिता आने के साथ ही तेजी भी आएगी। यही नहीं सरकारी लोग जो लोगों के आवेदन, मांग पत्र वगैरह को फाइलों में लपेटकर ठंडे बस्ते में डालने का काम करते रहे है, यह पूरी प्रक्रिया ही बदल जाएगा। इसके साथ ही सरकारी अधिकारी कर्मचारियों में जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी।

**सरकारी कामकाज का तरीका पूरी तरह बदल जाएगा**



### होगा ये फायदा

ई-ऑफिस सिस्टम लागू होने से सरकारी कामकाज में काफी सुधार आने की संभावना है। डिजिटल ट्रैकिंग के कारण, यह पता लगाना आसान होता है कि फ़ाइल किस अधिकारी के पास कितने समय से लंबित है, जिससे कार्य में पारदर्शिता आती है और जवाबदेही तय होती है। नस्ती को एक टेबल से दूसरे टेबल पर ले जाने में लगने वाला समय समाप्त हो जाता है। डिजिटल हस्ताक्षर के प्रयोग से फ़ाइलों पर त्वरित निर्णय लिए जा सकते हैं। सुरक्षित अभिलेख संधारणः महत्वपूर्ण शासकीय दस्तावेजों का डिजिटल रूप से सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित होता है, जिससे उनके नष्ट होने का खतरा कम हो जाता है। कागज, प्रिंटिंग और फ़ाइल रखने की लागत में भारी कमी आती है, जिससे पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलती है।

### सालभर की कोशिश अब रंग लाएगी

*राज्य के मुख्य सचिव ने इस संबंध में प्रदेश के शासन के समस्त विभाग, अध्यक्ष, राजस्व मण्डल, बिलासपुर, समस्त विभागाध्यक्ष, समस्त संभागायुक्त, समस्त कलेक्टर छत्तीसगढ़ के लिए आदेश जारी कर दिया है। राज्य में पिछले करीब एक साल से ई-आफिस प्रक्रिया शुरु करने की कोशिश की जा रही थी। यह कोशिश जनवरी से रंग लाएगी।*

### इसलिए लागू हो रही है ये व्यवस्था

मुख्य सचिव ने इस संबंध में जारी आदेश में साफ किया है कि यह व्यवस्था क्यों लागू की जा रही है। उनका कहना है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन की दिशा में कार्य करते हुए प्रदेश में शासकीय कार्य को अधिक प्रभावी, सरलीकृत, उत्तरदायी, और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से मंत्रालय, विभागाध्यक्ष और जिले स्तर पर ई-ऑफिस प्रारम्भ किया गया है। मंत्रालय के समस्त विभागों और राज्य के विभिन्न कार्यालयों में ई-ऑफिस के माध्यम से नस्ती और डाक का संपादन किया जा रहा है।

### ई आफिस सिस्टम से चलेंगी फाइलें

ऐसे प्रकरण जिस पर शासन स्तर पर सहमति या अनुमोदन की आवश्यकता हो उसे अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा ई-ऑफिस के फाइल के माध्यम से ही शासन को प्रेषित किया जाए। सूचनात्मक पत्राचार ई-ऑफिस के रिसीप्ट (पावती) के माध्यम से किये जाए।अफसर बाहर से और छुट्टी के दिन भी काम कर सकते हैंराज्य में यह सिस्टम लागू होने यह सुविधा भी मिलेगी कि अधिकारियों द्वारा शासकीय प्रयास के दौरान मुख्यालय से अन्यत्र भी ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य संपादित कर सकेंगे। ) सार्वजनिक अवकाश अवधि में शासकीय सेवक ईऑफिस के माध्यम से जरुरत के हिसाब से काम कर सकते हैं।

## कांग्रेस बोली

# महंगी बिजली के बिल नहीं पटा पा रहे उपभोक्ता, कनेक्शन कट रहे



- बिजली बिल ने आम जनता का बजट बिगाड़ दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, तीन माह से आ रहे बेतहाशा बढ़े बिजली बिल से राज्य का हर नागरिक परेशान है। 200 यूनिट हॉफ बिजली योजना से भी कोई राहत नहीं है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि सरकार भूपेश सरकार के समय शुरू की गई बिजली बिल हॉफ योजना को फिर शुरू करे, ताकि जनता को बढ़े बिजली बिल में कुछ राहत मिल सके। बिजली बिल हॉफ योजना बंद करने के कारण जनता बिजली के बिल नहीं पटा पा रही, उनका कनेक्शन काटा जा रहा। अकेले रायपुर में 2000 लोगों के कनेक्शन कटे हैं। प्रदेश में हजारों उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन काट दिया गया है।

श्री शुक्ला ने कहा, सरकार की नाकामी लापरवाही और मुनाफाखोरी वाली नीति के कारण प्रदेश के लोगों के लिए बिजली कटौती और मंहगी बिजली बड़ी समस्या बन गई है। राज्य बनने के बाद प्रदेश में बिजली के दाम सबसे ज्यादा वर्तमान समय में हैं। सरकार ने 400 यूनिट बिजली बिल हॉफ योजना को बंद कर दिया, जिससे लोगों के बिजली का बिल दोगुना से भी अधिक आ रहा। महंगी बिजली के बाद भी सरकार जनता को चौबीस घंटे बिजली नहीं उपलब्ध करवा पा रही। ग्रामीण क्षेत्र में आठ-नौ घंटे तक बिजली कटौती से जनता परेशान हो रही, लोग बिजली कटौती के खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर हैं। श्री शुक्ला ने कहा, बिजली उत्पादन का प्रमुख घटक कोयला है। कोयले पर लगने वाला सेस कम हो गया है, जिसके कारण कोयले का दाम न्यूनतम 400 रुपए कम हो गया है, अतः सरकार वीसीए (वेरियेबल कास्ट एडजेस्टमेंट) में कटौती के आधार पर बिजली के दाम तुरंत घटाए।

# नए साल में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का होगा चुनाव, छत्तीसगढ़ की भी रहेगी अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव नए साल में 20 जनवरी से पहले होने की संभावना है। चुनाव की प्रक्रिया 18 जनवरी से प्रारंभ होने के संकेत हैं। लंबे इंतजार के बाद भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है। संभावना यही है कि नितिन नवीन को ही पूर्णकालिक अध्यक्ष बनाया जाएगा। इस बार नए अध्यक्ष के चुनाव में छत्तीसगढ़ की भी भूमिका भी अहम रहेगी।

चुनाव में प्रदेश को भी भागीदारी करने का पूरा मौका मिलेगा। प्रदेश में इस बार भाजपा प्रदेश संगठन के चुनाव पूरे होने के साथ राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का भी चुनाव हो गया है। प्रदेश के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के नामांकन में प्रस्तावक और समर्थक बनेंगे। कई राज्यों की तरफ से नामांकन भरा जाएगा। छत्तीसगढ़ की तरफ से भी एक नामांकन भरे जाने की संभावना है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले देशभर के राज्यों में भाजपा संगठन के चुनाव कराए गए। छत्तीसगढ़ में ही सबसे पहले इस साल 17 जनवरी को प्रदेश संगठन के चुनाव पूरे हुए, तब यहां पर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष के साथ ही राष्ट्रीय परिषद के 17 सदस्यों का चुनाव कराया गया। पूरे देश में छत्तीसगढ़ संगठन चुनाव पूरा कराने वाला पहला राज्य बना। इसके बाद दूसरे राज्यों के चुनाव पूरे हुए। देश के ज्यादातर राज्यों में संगठन के चुनाव हो चुके हैं। अब राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होना है।



### प्रदेश से 17 राष्ट्रीय परिषद के सदस्य

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में कई राज्यों के राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों से नामांकन फार्म में प्रस्तावक और समर्थक के रूप में हस्ताक्षर कराए जाते हैं। पिछली बार जब 2020 में राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में जेपी नड्डा अध्यक्ष बने, तब छत्तीसगढ़ में प्रदेश संगठन का चुनाव पूरा न होने के कारण छत्तीसगढ़ को इसमें भागीदारी का मौका नहीं मिला था, लेकिन इस बार चुनाव पूरे होने के कारण छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय परिषद के 17 सदस्यों के साथ ही भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव को भी प्रस्ताव और समर्थक बनने का मौका मिलेगा। प्रदेश में जो राष्ट्रीय परिषद के सदस्य बने हैं, उनमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, लता उसेंडी, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, संतोष पांडेय, विजय बघेल, रूपकुमारी चौधरी, राज्य सभा सांसद देवेंद्र राजा प्रताप सिंह, विधायक विक्रम उसेंडी, पुन्नूलाल मोहिले, प्रदेश के मंत्री दयालदास बघेल, केदार कश्यप, पूर्व विधायक ननकी राम कंवर और खूबचंद पारख शामिल हैं। इनको जहां प्रस्तावक और समर्थक बनने का मौका मिलेगा, वहीं अध्यक्ष का चुनाव होने की स्थिति में इनको मतदान का भी अधिकार मिलेगा।

आधा दर्जन से ज्यादा को बनाया गया है प्रदेश पदाधिकारी

# भाजयुमो की प्रदेश कार्यकारिणी से बाहर होंगे ओवरएज पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी में आधा दर्जन से ज्यादा पदाधिकारी ओवरएज बनाए गए हैं। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने किसी भी हाल में अंडर 35 को ही पदाधिकारी बनाने का फरमान जारी किया है, इसके बाद भी ओवरएज को पदाधिकारी बना दिया गया है।

ओवरएज पदाधिकारियों के बारे में बताया जा रहा है कि ये उम्र का गलत दस्तावेज देकर पदाधिकारी बन गए हैं। इस खबर को हरिभूमि ने 19 दिसंबर को प्रकाशित भी किया था। अब भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष राहुल टिकरिया का कहना है कि शिकायत मिली है कि ओवरएज पदाधिकारी बन गए हैं।

इनके दस्तावेज जांचे जा रहे हैं जो भी ओवरएज पदाधिकारी बने हैं, उनको बाहर किया जाएगा। किसी भी ओवरएज को पद में नहीं रखा जाएगा। भाजयुमो की प्रदेश कार्यकारिणी के साथ ही जिलाध्यक्षों को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन से मिले निर्देश के बाद भाजपा के प्रदेश संगठन ने स्पष्ट रूप से यह निर्देश जारी किया था कि भाजयुमो की प्रदेश कार्यकारिणी में 35 साल से ज्यादा और जिलाध्यक्ष 33 साल से ज्यादा के नहीं होने चाहिए। इस निर्देश के बाद भी प्रदेश कार्यकारिणी में करीब आठ पदाधिकारियों के ओवरएज होने की बात सामने आ रही है।




### करेंगे बाहर

प्रदेश की कार्यकारिणी में कुछ पदाधिकारियों के ओवरएज होने की शिकायत मिली है। इस शिकायत के आधार पर दस्तावेजों की जांच में कुछ पदाधिकारी ओवरएज मिले हैं। इनको बाहर किया जाएगा और इनके स्थान पर अंडर एज को पद दिए जाएंगे।

\- राहुल टिकरिया,
अध्यक्ष, भाजयुमो

### जिलाध्यक्षों की जिम्मेदारी थी

भाजयुमो के प्रदेश पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों के लिए भाजयुमो के पास जो भी नाम भेजे गए हैं सभी नाम जिलों से आए हैं। भाजपा संगठन के जिलाध्यक्षों को ही यह जिम्मेदारी दी गई थी कि वे जिन भी पदाधिकारियों के नाम भाजयुमो को भेजें उनके उम्र के दस्तावेज जांच कर ही नाम भेजें। जानकारों का कहना है कि जिनके भी नाम भाजयुमो को भेजे गए हैं, उनके दस्तावेज जिलों में जांच गए हैं, लेकिन कुछ लोगों ने पद पाने के लिए उम्र के गलत दस्तावेज दिए हैं। इसकी शिकायत होने पर इस बात का खुलासा हुआ है। अब इसकी जांच में कुछ पदाधिकारी ओवरएज पाए गए हैं।



### बकतरा में लगाया निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर

**रायपुर।** जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे प्रोजेक्ट 'मेरा गांव मेरी पहचान' के तहत ग्राम बकतरा में विवेकानंद कॉलेज नारा आरंग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के अंतर्गत पशु चिकित्सा एवं आधुनिक पशुपालन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ. देवेंद्र देवांगन ने छात्रों को पशु स्वास्थ्य संरक्षण, आधुनिक पशुपालन तकनीकों तथा उनसे होने वाले आर्थिक लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई।

# भाजपा ने ठाकरे, पटवा व जेटली को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने भाजपा के पितृ-पुरुष व पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. कुशाभाऊ ठाकरे, अविभाजित मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे स्व. सुन्दरलाल पटवा और देश के ख्यातिलब्ध विधिवेत्ता, भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरुण जेटली का स्मरण कर उन्हें अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है। 28 दिसंबर को इनकी जयंती है।

श्री देव ने कहा, स्व. ठाकरे ने अपना सम्पूर्ण जीवन देश सेवा को समर्पित कर दिया था। वे संगठन के कुशल शिल्पकार थे, जिनकी सांगठनिक दक्षता ने हजारों-लाखों व्यक्तियों को राष्ट्रप्रेम, जनसेवा और जनसंघ से जोड़ा। श्री देव ने कहा, स्व. पटवा केवल मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री ही नहीं थे, बल्कि छत्तीसगढ़ के राजनीतिक विकास और सामाजिक-आर्थिक संरचना को प्रभावित करने वाले एक दूरदर्शी नेता भी थे, जिनका छत्तीसगढ़ के नेताओं और जनता पर गहरा प्रभाव था। श्री देव ने कहा, पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. जेटली छत्तीसगढ़ से गहरा रिश्ता था। वे राज्य के गठन और बीजेपी के विस्तार में, विशेषकर सन् 2003 के विधानसभा चुनाव में अहम भूमिका में रहे।






**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम होरीलाल निषाद है।

मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम होरी लाल अंकित है, जबकि मेरे अन्य शासकीय अभिलेखों जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा मतदाता पहचान पत्र में मेरा नाम होरीलाल निषाद दर्ज है।

यह स्पष्ट किया जाता है कि होरी लाल तथा होरीलाल निषाद दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

भविष्य में मैं अपने समस्त शासकीय एवं गैर-शासकीय कार्यों के लिए अपना नाम होरीलाल निषाद ही प्रयोग करूँगा।

इस संबंध में शपथ-पत्र दिनांक 26 दिसंबर 2025 को सक्षम प्राधिकारी के समक्ष निष्पादित किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति को इस संबंध में कोई आपत्ति हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर लिखित रूप में सूचित कर सकता है।

**होरीलाल निषाद**
**निवासीः मगरलोड,**
**जिला धमतरी (छत्तीसगढ़)**

**कार्यालय रा.नि.मंडल - तोरला, तहसील गोबरा नवापारा, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

**जारी दिनांक 15/12/2025**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बिसनलाल पिता बिरिखराम साहू निवासी टेमरी, आवेदित ग्राम बंजारी, प.ह.न. 01 राजस्व निरीक्षक मंडल तोरला, तहसील - गोबरानवापारा, जिला - रायपुर स्थित भूमि ख.नं. 395, 398 रकबा 0.61, 0.61 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार गोबरा - नवापारा के आदेश दिनांक 10/11/2025 के परिपालन में दिनांक 05/01/2026 को समय अपरान्ह 11.00 मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा 'आपत्ति हो, वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी में हल्का पटवारी नंबर 01 के ग्राम चेरिया स्थित पटवारी कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरांत किसी दावा / आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. तोरला**
**तहसील गोबरा नवापारा**

**कार्यालय रा.नि.मंडल - तोरला, तहसील गोबरा नवापारा, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

**जारी दिनांक 15/12/2025**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक टेकेश्वर पिता बिरिखराम साहू निवासी टेमरी रायपुर, आवेदित ग्राम बंजारी, प.ह.न. 01 राजस्व निरीक्षक मंडल तोरला, तहसील - गोबरानवापारा, जिला - रायपुर स्थित भूमि ख.नं. 384 रकबा 1.00 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार गोबरा - नवापारा के आदेश दिनांक 10/11/2025 के परिपालन में दिनांक 05/01/2026 को समय अपरान्ह 11.00 मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा 'आपत्ति हो, वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी में हल्का पटवारी नंबर 01 के ग्राम चेरिया स्थित पटवारी कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरांत किसी दावा / आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. तोरला**
**तहसील गोबरा नवापारा**

**कार्यालय रा.नि.मंडल - तोरला, तहसील गोबरा नवापारा, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

**जारी दिनांक 15/12/2025**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवेन्द्र कुमार साहू पिता बिरिखराम साहू निवासी टेमरी रायपुर, आवेदित ग्राम बंजारी, प.ह.न. 01 राजस्व निरीक्षक मंडल तोरला, तहसील - गोबरानवापारा, जिला - रायपुर स्थित भूमि ख.नं. 15 रकबा 0.80 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार गोबरा - नवापारा के ओदश दिनांक 15/12/2025 के परिपालन में दिनांक 05/01/2026 को समय अपरान्ह 11.00 मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा 'आपत्ति हो, वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी में हल्का पटवारी नंबर 01 के ग्राम चेरिया स्थित पटवारी कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरांत किसी दावा / आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. तोरला**
**तहसील गोबरा नवापारा**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार जयराम कुमार दुबे पिता स्व. केशव प्रसाद दुबे निवासी एल.आई.जी. 186 तिलक नगर, जनता कालोनी गुढ़ियारी, रायपुर ने विक्रेता नीरा बाई पाल पति रामदयाल पाल निवासी - मठपुरैना, तह. जिला रायपुर के स्वामित्व व हक आधिपत्य की भूमि वाके मौजा छछानपैरी, प. ह.नं. 00003, रा.नि.मं. व तहसील अभनपुर, जिला रायपुर स्थित कृषि भूमि खसरा नं. 615/3, रकबा 0.8210 हेक्टे. भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बयाना राशि 11,00,000/- (अक्षरी ग्यारह लाख रूपये) अदा कर दिया है। अब केवल विक्रय पंजीयन कराना शेष है।

अतः उपरोक्त सम्पत्ति के स्वत्व आधिपत्य, भार, एवं अंतरन के संबंध में जिस किसी व्यक्तियों, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था, बैंक, निकाय, वित्तीय संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के नीचे दिये गये पते पर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर देवे। बाद म्याद हमारे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जायेगा तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति अवैध एवं शून्य होने से हमारी पक्षकार पर बंधनकारी नही रहेगी।

**सो सूचना जाने**

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 28-12-2025 भवदीय
**आदित्य कुमार तिवारी**
(अधिवक्ता)
पता 2076 टीचर कालोनी, कोटा, रायपुर (छ.ग.)
मो. नं.: 9770563513

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती ललिता देवी पति श्री पुष्पेन्द्र गिलहरे निवासी ग्राम उरला अभनपुर के द्वारा प्रदत्त अधिकार एवं निर्देशानुसार यह आम सूचना प्रकाशित कराया जा रहा है। रामाधार धुरंधर पिता श्री पुरु धुरंधर निवासी सरस्वती टिम्बर के सामने गंज मंडी रोड शास्त्री नगर फाफाडीह रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. आधार क्रमांक-7621 9648 4212 के स्वामित्व की ग्राम डुमहा प.ह.नं. 03 रा.नि.म. भैंसा तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 88/2, 93, 125, 343 रकबा क्रमशः 0.19, 0.24, 0.07, 0.02 हेक्टेयर कुल खसरा 04 कुल रकबा 0.520 हेक्टेयर भू राजस्व अभिलेख में दर्ज था। रामाधर ने दिनांक 19/06/2017 अपने स्वामित्व की भूमि खसरा नं. 88/2, 125, 343 को श्रीमती पार्वती आड़िल पति नेतराम आड़िल निवासी ग्राम सुन्द्रावन थाना पलारी जिला बलौदाबाजार भाठापारा को गिरवी रखकर नोटराईज इकरारनामा निष्पादित कराया। जिसे रामाधार धुरंधर ने कृषि भूमि खसरा नं. 92 रकबा 0.19 हे. को न्यायालय श्रीमान अपर कलेक्टर परिवर्तित शाखा रायपुर से दिनांक 10/11/2017 को औद्योगिक (फ्लाई एश ब्रिक्स) प्रायोजन हेतु परिवर्तन कराते हुए इस परिवर्तित भूमि को दिनांक 05/06/2018 को धनेश नवरत्न पिता दीनदयाल नवरत्न पता-मकान नं. 51 ग्राम भैंसा रायपुर के पक्ष में उपपंजीयक कार्यालय रायपुर के माध्यम से पंजीकृत पट्टा विलेख दिनांक 01/06/2018 से दिनांक 31/05/2047 तक यानि 29 वर्ष के लिए निष्पादित कराया। रामाधार ने अपने स्वामित्व की सभी भूमि को दिनांक 01/10/2024 को विजय माखीजा पिता भगवान माखीजा निवासी ग्राम कोटनी पलौद तहसील आरंग जिला रायपुर के साथ बयाना राशि 4,65,000/- रूपया प्राप्त कर नोटराईज विक्रय इकरारनामा निष्पादित कराया और इसी दिनांक को रामाधार ने श्रीमती ललिता देवी पति पुष्पेन्द्र गिलहरे निवासी बड़े उरला अभनपुर के पक्ष में उपपंजीयक कार्यालय अभनपुर के माध्यम से आम मुख्तयारनामा निष्पादित कराया। उसके बाद दिनांक 04/04/2025 को रामाधार ने अपने स्वामित्व की भूमि खसरा नं. 92, 88/2, 93 को दीपक कुमार मेघानी पिता श्री नरेश कुमार मेघानी निवासी भारतीय स्टेट बैंक के पास नेवरा, तहसील तिल्दा जिला रायपुर छ.ग. से ब्याना राशि 4,00,000/-रूपया प्राप्त कर ब्रिकी इकरारनामा निष्पादित कराया और इसी दिनांक को रामाधार ने खसरा नं. 88/2, 92, 93 को अंकित सेतपाल पिता श्री अशोक सेतपाल निवासी तिल्दा जिला रायपुर छ.ग. के पक्ष में उपपंजीयक कार्यालय तिल्दा के माध्यम से आम मुख्तयारनामा निष्पादित कराया। रामाधार के स्वामित्व की इस भूमि को श्रीमती ललिता देवी ने आम मुख्तयारनामा के माध्यम से पुष्पेन्द्र गिलहरे पिता ह्रदय लाल गिलहरे निवासी-उरला अभनपुर को बैनामा पंजीयन के माध्यम से विक्रय कर दिया और वर्तमान में यह भूमि पुष्पेन्द्र गिलहरे के नाम पर वर्तमान भू राजस्व अभिलेख में दर्ज है। रामाधार ने श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर को दिनांक 08/11/2025 को और उसके बाद अन्य दूसरे दिनांक को पुष्पेन्द्र गिलहरे श्रीमती ललिता देवी विजय माखीजा एवं भोजलाल के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत किया है और उसके खिलाफ कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो उसके लिए इन लोग जिम्मेदार व जवाबदार रहेंगे। इसके अलावा रामाधार ने दैनिक समाचार पत्र में भी इस बाबत प्रकाशन कराया है। उसके बाद मेरी पक्षकारा श्रीमती ललिता देवी ने श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर को दिनांक 23/12/2025 को रामाधार धुरंधर के खिलाफ अपने स्वामित्व की भूमि को कई बार संव्यवहार को लेकर धोखाधड़ी एवं अन्य बातों को लेकर लिखित में शिकायत की है। रामाधार की बातों में कोई भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक या कोई अन्य यकीन न करें व इस भूमि बाबत कोई भी संव्यवहार न करें। उसे कोई लाभ नहीं होगा। इसके अलावा रामाधार के खिलाफ कोई भी अप्रिय घटना घटित होती है तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेंदार व जवाबदार होगा।

**सो सूचना ताकीद जाने।**

**स्थान - अभनपुर**
**दिनांक 27/12/2025**
**सोहन सिन्हा, अधिवक्ता**
**तहसील कार्यालय परिसर अभनपुर**
**जिला रायपुर छ.ग. मो. नं. 7224998722**

## खबर संक्षेप



### सकरी जावा में आज गुरु घासीदास जयंती समारोह

**आरंग/चंदखुरी।** जनपद पंचायत आरंग के अंतर्गत आने वाले ग्राम सकरी (जावा) में इस वर्ष भी परंपरा अनुसार परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी की 269वीं जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी। जयंती समारोह का आयोजन 28 दिसंबर को रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब होंगे, जबकि अध्यक्षता जिला पंचायत रायपुर की सदस्य श्रीमती कविता हेमंत कश्यप करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य आरंग राजू मनहरे उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा कार्यक्रम में अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत सकरी जावा की सरपंच लीला विक्की वर्मा, अधिवक्ता निखिल वर्मा, उपसरपंच श्रीमती सरिता शिवा साहू तथा हरिभूमि आईएनएच न्यूज के पत्रकार डागेश यादव प्रमुख रूप से शामिल होंगे। समारोह की शुरुआत शाम 4 बजे पंथी पार्टी की मनमोहक प्रस्तुति से होगी। इसके बाद शाम 5 बजे पलो चढ़ाने का कार्यक्रम होगा। रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी पूजा के फूल (खल्लारी, जिला बालोद) की शानदार प्रस्तुति से समां बंधेगा।

### ग्रामसभा में वीबीजीरामजी योजना की जानकारी दी

**सिलयारी।** 26 दिसम्बर शुक्रवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धरसींवा के आदेशानुसार जनपद पंचायत धरसींवा के 78 ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार के तहत नए अधिनियम विकसित भारत-रोजगार और आजिविका के लिए गारंटी मिशन के विषय में विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई। जिसमें वीबी - जी राम जी अधिनियम 2025 से संबंधित जानकारी ग्रामवासियों के समक्ष सरपंच/ सचिव/रोजगार सहायक एवं गणमान्य नागरिक की उपस्थिति में दी गई। जिसमें मुख्य रूप से अधिनियम में रोजगार की गारंटी 100 दिनों से बढ़ाकर125 दिन किए जाने तथा बेरोजगारी भत्ता का अधिकार समय पर मजदूरी भुगतान, ग्राम स्तर पर योजना निर्माण की स्वतंत्रता,जल सुरक्षा, ग्रामीण अवसंरचना, आजिविका संवर्धन के संबंधित कार्यों को प्राथमिकता में लेने की चर्चा की गई।

### बड़ेउरला में 30-31 को पंथी नृत्य प्रतियोगिता

**अभनपुर।** सतनामी समाज बड़े उरला नगर पालिका परिषद अभनपुर के तत्वावधान मे गुरू घासीदास बाबा की जंयती समारोह एवं दो दिवसीय छग राज्य स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन 30 व 31 दिसम्बर को रखा गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक इन्द्रकुमार साहू,विशेष अतिथि पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू एवं अध्यक्षता सत.समाज परिक्षेत्र अध्यक्ष राधाकृष्ण टंडन सहित अन्य जनप्रतिनिधि व सामाजिक पदाधिकारी शामिल होगे। आयोजक समिति ने बताया कि प्रतियोगिता मे पुरूष व महिला संवर्ग मे क्रमशः प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टोली को नगद पुरस्कार व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जायेगा। वही 31 दिसम्बर को रात्रिकालिन कार्यक्रम छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक रंग रंजन की मनमोहक प्रस्तुति होगी।

### कुरूद-गोढ़ी मार्ग के लिए 18 लाख स्वीकृत, निर्माण शुरू

**सिलयारी।** कुरूद गांव के कोल्हान नाला से गोढी.मार्ग लगभग 390 मीटर का बनाने का अनुमति लोक निर्माण विभाग व पी डब्ल्यू डी को मिल गया है जिसके लिए 18लाख रूपये की राशि स्वीकृत हुए। कुरूद से गोढ़ी मार्ग में आने जाने वाले राहगिरों काफी तक़लिफों का सामना करना पड़ रहा था,इस मार्ग के लिए ग्रामीणों ने लगातार काफी वर्षों से मांग कर रहे थें लेकिन नेता, विधायक, मंत्री बदल गये लेकिन इस मार्ग के लिए कोई ध्यान नहीं दिया गया था,जिला पंचायत व सभापति श्रीमती सरोज चन्द्रवंशी व ग्रामीण की सहयोगी से मंजूरी मिल गया है और काम भी प्रारम्भ हो गया।

**खेल : नशामुक्त समाज और खेल भावना का अनूठा संगम**

# सदभावना क्रिकेट मैच में पुलिस टीम की जीत व पत्रकार इलेवन उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धरसीवां

- चरौदा में पुलिस और पत्रकारों के बीच हुआ ऐतिहासिक मुकाबला





खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि यह युवाओं को अनुशासन सिखाने और समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का सबसे सशक्त जरिया भी हैं। इसी उद्देश्य को सार्थक करते हुए मुख्यालय धरसीवां के ग्राम पंचायत चरौदा में वार्ड स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया। मुक्तेश्वर क्रिकेट क्लब और ग्राम पंचायत चरौदा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में उस वक्त एक यादगार पल आया जब क्षेत्र के रक्षक यानी पुलिस और समाज के दर्पण यानी पत्रकारों के बीच एक मैत्री मैच खेला गया। इस मुकाबले ने न केवल दर्शकों का मनोरंजन किया, बल्कि समाज को एकजुटता और नशामुक्ति का एक बड़ा संदेश भी दिया।

टूर्नामेंट के दौरान सबसे प्रतीक्षित मुकाबला थाना धरसीवां और पत्रकार संघ धरसीवां के बीच रहा, मैच की शुरुआत टॉस से हुई जिसमें पत्रकार-इलेवन के कप्तान मोहम्मद याकूब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। सीमित 8 ओवरों के इस मुकाबले में पत्रकारों की टीम ने कड़ा संघर्ष करते हुए 62 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी थाना धरसीवां की टीम ने अपनी रणनीति और बेहतर तालमेल का परिचय दिया। चौकी प्रभारी श्री राजेन्द्र कंवर के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने महज 6 ओवरों में ही 63 रन बनाकर 7 विकेट से जीत हासिल कर ली। मैदान पर जहाँ पुलिस के जवानों ने अपनी फुर्ती दिखाई, वहीं पत्रकारों ने भी खेल भावना का शानदार परिचय दिया। अंत में विजेता पुलिस टीम और उपविजेता पत्रकार टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### पत्रकार समाज को सजग करता है : संगीता ध्रुव



वहीं पत्रकार-इलेवन के कप्तान मोहम्मद याकूब ने अपने उद्बोधन में कहा कि एक सजग पत्रकार का काम केवल खबरें लिखना नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकारों से जुड़ना भी है। पुलिस और पत्रकारों के बीच यह मैत्री मैच इस बात का प्रमाण है। आयोजन की सूत्रधार सरपंच संगीता पप्पू ध्रुव ने कहा कि चरौदा में पिछले वर्ष की तरह इस साल भी खेल के प्रति ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया। उन्होंने मुक्तेश्वर क्रिकेट क्लब के सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से गांव के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है।

# गुखेरा में अटल जयंती पर सुशासन दिवस मनाया




हरिभूमि न्यूज ▸▸| आरंग

ग्राम पंचायत गुखेरा में पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में बड़े ही गरिमामय एवं भावपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने अटल चौक पर अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच रेवती पुरुषोत्तम सोनवानी ने कहा, "अटल बिहारी वाजपेयी जी एक ऐसे दूरदर्शी नेता थे, जिनके विचार देशहित में सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे। उनके शासनकाल में स्थापित सुशासन के उच्च आदर्श आज भी हमें जनता की सेवा पूरी ईमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ करने की प्रेरणा देते हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही हम पंचायत को आदर्श बना सकते हैं।" इस अवसर पर उपस्थित पंचों ने भी अटल जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें एक प्रखर वक्ता एवं जनप्रिय नेता बताया।

वक्ताओं ने कहा कि भारतीय राजनीति में शुचिता और विकास की जो नींव अटल जी ने रखी थी, वह आज भी प्रासंगिक है। इस अवसर पर उपसरपंच गंगा घासीराम कुर्रे, पंचगण रेखराज देवांगन, डेविड ढीढी, दीनदयाल कुर्रे, गोवर्धन करकेल, रोहित बघेल, परशु रात्रे, कुशाल देवांगन, दसरू कुर्रे, सनत बघेल, भोला यादव, ग्राम सचिव एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### हेमचंद ने रेत से बनाई ओडिशा कोणार्क सूर्य मंदिर की तस्वीर...




**आरंग।** शनिवार को ग्राम तामासिवनी निवासी छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध सैंड आर्टिस्ट हेमचंद साहू ने पांडुका कोपरा में शानदार रेत कलाकृति बनाई, जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। उन्होंने बताया कि अपनी रेत कलाकृति में उन्होंने उड़ीसा के कोणार्क मंदिर, भगवान शंकर और छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा को रेत से उकेरा है। साथ ही रेत कलाकृति में अपनी विरासत को सहेजने एवं प्रकृति संरक्षण की थीम पर आधारित आर्ट के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया है।

# पूर्व पीएम अटल की जयंती पर गरम कपड़ों का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| आरंग



प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की 101वीं जन्मजयंती के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता, पूर्व पार्षद आरंग नगर पालिका एवं धीवर समाज खेल व शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष सुशील जलक्षत्री ने अपने जन्मदिवस 27 दिसंबर को स्व. अटल जी को आदर्श मानते हुए सेवा कार्य कर मनाया। इस अवसर पर आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में सैकड़ों नागरिकों एवं बुजुर्गों ने स्वास्थ्य जांच करवाई तथा दवाइयां प्राप्त कीं। साथ ही ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए सैकड़ों जरूरतमंदों को गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब (कैबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन) शामिल हुए। उन्होंने श्री जलक्षत्री को जन्मदिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा अटल जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए देश, प्रदेश और जनमानस के लिए किए गए उनके सेवा एवं समर्पण भाव से जुड़े कार्यों को स्मरण किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के नव-नियुक्त प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों का श्रीफल एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में ध्रुवकुमार मिर्धा अध्यक्ष चर्म शिल्पकार बोर्ड छ.ग. शासन, संजय ढीढी पूर्व विधायक आरंग, डॉ. संदीप जैन अध्यक्ष नगर पालिका परिषद आरंग, मुरली साहू अध्यक्ष प्रतिनिधि जनपद आरंग, देवनाथ साहू मंडल अध्यक्ष आरंग, महामंत्री अशोक चंद्राकर, राकेश सोनकर, वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्णकुमार उपस्थित रहे।

# कबीर साहेब के विचार उपदेश मात्र नहीं बल्कि सुशासन का आधार : शर्मा

**सिलयारी।** धरसींवा विधानसभा के ग्राम तुलसी, बाराडेरा में द्वि-दिवसीय सद्गुरु कबीर सत्संग समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विधायक अनुज शर्मा शामिल हुए। उन्होंने सद्गुरु कबीर साहेब के चरणों में पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना किया। इस अवसर पर विधायक शर्मा ने साहेब बंदगी साहेब के जयघोष के साथ कहा कि कबीर साहेब जी ने भले ही औपचारिक शिक्षा ग्रहण नहीं की, लेकिन उन्होंने जीवन के उस सत्य को पढ़ा और सिखाया, जिसे बड़े-बड़े विद्वान नहीं समझ पाते। उन्होंने अपने अनुभवों की स्याही से समाज की कुरीतियों पर प्रहार किया और प्रेम, समानता व सद्भाव का मार्ग दिखाया। एक विधायक के रूप में, कबीर साहेब जी के विचार मेरे लिए केवल धार्मिक उपदेश नहीं, बल्कि सुशासन का आधार हैं। उन्होंने कहा था /"कबीरा सोई पीर है, जो जाने पर पीर/" अर्थात, वही सच्चा इंसान है जो दूसरों की पीड़ा को समझता है। हमारी सरकार की हर योजना—चाहे वो गरीबों को राशन देना हो, किसानों को उनका हक दिलाना हो या युवाओं को रोजगार—इसी 'पर-पीड़ा' को दूर करने के संकल्प से प्रेरित है। आज हमारा प्रदेश को जिस शांति और भाईचारे के लिए जाना जाता है, उसमें कबीर साहेब के पंथ और उनकी वाणी का बहुत बड़ा योगदान है। उनकी शिक्षाएं हमें सिखाती हैं कि विकास तभी सार्थक है जब वह समावेशी हो और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। हमारा एक ही लक्ष्य होना चाहिए कि हमारी आने वाली पीढ़ी कबीर के 'निर्भय' और 'सत्यवादी' व्यक्तित्व से प्रेरणा ले सके।आज के इस पवित्र दिन पर हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि हम अपने मन से द्वेष और भेदभाव को मिटाएंगे। हम एक ऐसे समाज का निर्माण करेंगे जहाँ मनुष्य की पहचान उसके काम और उसके चरित्र से हो, न कि उसकी जाति या धर्म से।

### किरायेदारों की जानकारी नहीं देने पर होगी सख्त कार्रवाई



**आरंग।** नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से आरंग थाना प्रभारी हरीश साहू ने आम जनता और विशेषकर मकान मालिकों के लिए महत्वपूर्ण अपील जारी की है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से मकान मालिकों को अपने किरायेदारों की संपूर्ण जानकारी पुलिस को देना अनिवार्य है। थाना प्रभारी हरीश साहू ने बताया कि अक्सर बाहरी क्षेत्रों से आए लोग शहर में किराए के मकान लेकर रहने लगते हैं। इनमें से कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अपराध को अंजाम देकर फरार होने की संभावना बनी रहती है। इसे रोकने के लिए किरायेदार सत्यापन आवश्यक है। यह प्रक्रिया केवल पुलिस के लिए नहीं, बल्कि स्वयं मकान मालिक और समाज की सुरक्षा के लिए भी जरूरी है। थाना प्रभारी हरीश साहू ने अपील करते हुए कहा की आरंग हमारा घर है और इसे सुरक्षित रखना हम सबकी साझा जिम्मेदारी है। हम चाहते हैं कि कोई भी बाहरी व्यक्ति यहाँ छिपकर न रह सके। मैं क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील करता हूँ कि पुलिस का सहयोग करें।

# भागवत कथा में रुक्मिणी विवाह का रोचक वर्णन





**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम सुंगेरा मे चल रहे भागवत कथा के सातवे दिन रूखमणी विवाह की कथा पर श्रोता गण जम कर झूमें नाचे। जिसके कथा वाचक पं अशोक कृष्ण शर्मा सगुनी वाले है।

कथा श्रवण करने पहुंचे छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने अपने संबोधन में भागवत कथा श्रवण के महात्म्य को प्रतिपादित करते हुए भगवान राधाकृष्ण से प्रार्थना की कि कथा सुनने वाले सभी श्रोताओं व समस्त मानव समाज पर भगवान की असीम कृपा हो। इस अवसर पर जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा, ब्लाक कांग्रेस कमेटी तिल्दा ग्रामीण अध्यक्ष बलदाऊ साहू, पूर्व सोसायटी अध्यक्ष भरत लाल वर्मा, पूर्व जनपद सदस्य रतन चंद निषाद, पूर्व सरपंच खैरखूँट शिव कुमार हनुमंता, उप सरपंच सगुनी ज्ञानदास मानिकपुरी, पंच प्रतिनिधि सीताराम साहू, वरिष्ट कांग्रेसी प्रेमलाल साहू, तिलक राम साहू, शैलेन्द्र ध्रुव सहित बड़ी संख्या में श्रोता गण उपस्थित थे।

# जुलुम-दतरेंगा मार्ग पर लूटपाट के मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार

- तीन आपराधिक घटनाएं हुई पर एक मामले में ही आरोपियों पर कार्रवाई

**अभनपुर।** जुलुम-दतरेंगा मार्ग पर स्थित डोमा नाला के पास से आपराधिक घटनाएं सामने आने से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। बीते दिनों इसी रूट पर अलग-अलग स्थानों पर तीन लोगों के साथ लूट एवं मारपीट की घटनाएं हुई हैं। यह तीनों मामलों की प्रकृति समान है जिसमे एक मामले मे तीन आरोपियो के पर कार्यवाही की गई है।

पहली घटना 2 दिसंबर 2024 की है, जिसमें ग्राम जुलुम निवासी प्रदीप साहू पर जुलुम नाला के पास तीन अज्ञात युवकों ने चाकू से हमला कर मोबाइल लूट लिया। हमले में प्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गया,आज पर्यन्त तक आरोपियो की पहचान नही हो पाई है । दूसरी घटना 16 दिसंबर 2025 को डोमा नाला के पास हुई, जहां ग्राम रवेली निवासी करण सोनकर एवं उसके साथी के साथ तीन युवकों ने रास्ता रोककर गाली-गलौच करते हुए डंडे से मारपीट की और मोबाइल गिराकर फरार हो गए। बाद में ग्रामीणों की मदद से कुछ आरोपियों की पहचान भी बताई गई जिसके आधार पर मुजगहन पुलिस ने आरोपियो पर विधिसम्मत कार्यवाही की है।

तीसरी घटना 21 दिसंबर 2025 को डोमा नाला के पास सामने आई, जिसमें ग्राम छछानपैरी निवासी बुधारू कोसले से तीन युवकों ने एक्टिवा में आकर बलपूर्वक दो मोबाइल छीन लिए। तीनों घटनाओं में समानता यह है कि वारदातें नाला क्षेत्र, रात के समय, तीन युवकों द्वारा दो-पहिया वाहन से की गईं और मोबाइल लूट मुख्य उद्देश्य रहा। जुलुम सरपंच खेमिन लोकेश साहू सहित आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग राजधानी रायपुर को जोड़ती है जहां ग्रामीण अंचल के मजदूर व नौकरीपेशा लोग अपने अपने रोजी मजदूरी के लिए आवागमन करते है इस प्रकार के घटना से लोगो मे डर का माहौल बना हुआ है ग्रामीणो ने पुलिस से मांग की है कि उक्त मार्ग पर रात्रि गश्त बढ़ाई जाए,ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके।

## पेज 11 के शेष...

### खतरों के खिलाड़ी......

तक पहुंचने के लिए ट्रेनों के नीचे से निकलते हैं, जिससे हादसे की आशंका लगातार बनी हुई है। हरिभूमि की पड़ताल में सामने आया है कि स्टेशन के पीछे की ओर एक नई शराब दुकान खुलने के बाद से लोगों की आवाजाही और भी बढ़ गई है। स्टेशन की बाउंड्री वॉल नहीं होने के कारण खेतों की दिशा से लोग सीधे स्टेशन में ट्रैक पार करते हैं और खड़ी मालगाड़ी के नीचे से होकर स्टेशन या दुकान पहुंच जाते हैं। यह रास्ता जितना आम हो गया है, उतना ही जानलेवा भी साबित हो सकता है। बता दें कि कुम्हारी स्टेशन मेन लाइन पर है, जहां अक्सर लंबी मालगाड़ियां खड़ी रहती हैं। कपलिंग के नीचे से गुजरते समय अगर ट्रेन अचानक चल पड़ी तो जान बचाना मुश्किल हो जाएगा। ट्रेन शुरू करने से पहले भले ही हॉर्न बजाया जाए, लेकिन कई लोग इसे नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे जोखिम और भी बढ़ जाता है। रेलवे ने न तो स्टेशन के पिछले हिस्से की घेराबंदी की है और न ही वैकल्पिक व्यवस्था बनाई गई है।

### सैकड़ों की संख्या...

चकमा देकर तेलीबांधा पहुंच गए और वहां जमकर प्रदर्शन करने के साथ चक्काजाम किया।

उल्लेखनीय है कि कांकेर, आमाबेड़ा में घार्मिक विवाद के बाद हुई हिंसा के विरोध में सर्वसमाज ने बुधवार को प्रदेश बंद का आव्हान किया था। बंद के दौरान प्रदर्शनकारियों ने मैग्नेटो मॉल में क्रिसमस की तैयारी में बनाए जा रहे सेट में जमकर तोड़फोड़ करते हुए लोगों के साथ बदसलूकी की। मॉल प्रबंधन की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात 30 से 40 लोगों के खिलाफ बलवा, तोड़फोड़ सहित कई अन्य गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज किया था। अपराध दर्ज होने के बाद पुलिस ने सीसीटीवी तथा लोगों द्वारा शूट किए गए वीडियो के आधार पर तोड़फोड़ करने वालों की पहचान कर सात प्रदर्शनकारियों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल किया। इसी के विरोध में हिंदूवादी संगठन से जुड़े लोगों ने प्रदर्शन किया।

**धमकी को देखते हुए सिविल लाइंस में की गई थी तैयारी:** हिंदूवादी संगठन से जुड़े नेताओं ने पुलिस प्रशासन को लिखित में सिविल लाइंस थाने का घेराव करने की चेतावनी दी थी। चेतावनी को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा के लिहाज से सिविल लाइंस थाने में बैरिकेडिंग करने के साथ फोर्स की तैनाती की थी। दूसरी ओर हिंदूवादी संगठन से जुड़े कार्यकर्ता मोतीबाग के पास एकत्रित हुए और वहां से सिविल लाइंस जाने के बजाय सीधा तेलीबांधा थाना पहुंच गए। तेलीबांधा थाना में घेराव को लेकर पुलिस ने पूर्व में किसी तरह से तैयारी नहीं की थी, इसलिए वहां अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। सिविल लाइंस थाना की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को आनन-फानन में तेलीबांधा शिफ्ट किया गया।

**तेलीबांधा थाने का इसलिए घेराव:** बजरंग दल के नेताओं के अनुसार उनके कार्यकर्ताओं के खिलाफ तेलीबांधा थाने की पुलिस ने कार्रवाई की है। इस कारण बजरंग दल के कार्यकर्ता सिविल लाइंस की जगह तेलीबांधा थाने का घेराव करने पहुंचे। कार्यकर्ताओं की जल्द रिहाई नहीं होने पर बजरंग दल के नेताओं ने आने वाले दिनों में प्रदर्शन जारी रखने के साथ गिरफ्तारी की चेतावनी दी है।

### आठ घंटा प्रदर्शन के बाद...

अपनी मांग पर अड़े रहे। पूरी रात धरने पर बैठे रहने बजरंगदल कार्यकर्ताओं ने टेंट की व्यवस्था करने के साथ भोजन पकाने गैस चूल्हा के साथ राशन की व्यवस्था तक कर ली। इसके बाद पुलिस ने मामला शांत करने रात दस बजे के करीब बजरंगदल के सौ से ज्यादा कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी की। इसके बाद बजरंगदल के कार्यकर्ता शांत हुए।

### बीच रोड में हनुमान...

हाथ नहीं रहा है। बावजूद इसके पुलिस ने बजरंग दल को टार्गेट कर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के खिलाफ अपराध दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की है। इसी बात को लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव किया।

### कोर्ट परिसर...

कराई है। घटना सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की है। मौके पर उपस्थित प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जिन महिलाओं के बीच मारपीट की घटना हुई है, वे तेलीबांधा थाना क्षेत्र के देवार पारा की रहने वाली हैं। महिलाओं ने पिछले दिनों आपसी विवाद के चलते एक दूसरे के साथ मारपीट की थी। घटना की तेलीबांधा थाने में शिकायत दर्ज हुई है। उसी मारपीट के मामले में महिलाएं पेशी में आई थीं। पेशी में आने के दौरान नोटरी कक्ष के सामने महिलाएं किसी बात को लेकर एक दूसरे के साथ बहस करने लगीं। बहस के दौरान दोनों पक्ष की महिलाएं एक दूसरे के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगीं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और कोर्ट की सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और स्थिति को काबू में किया। घटना का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हो रहा है।

### सटोरियों का ऐसा खेला...

एक ही दिन में 18 हजार रुपए दाम बढ़े हैं। सोने के दाम भी लगातार आसमान पर जा रहे हैं। सोना अब डेढ़ लाख के रास्ते पर है। इस समय दाम 143900 रुपए हैं। सटोरिए इसके दाम भी इसी साल के अंत में डेढ़ लाख तक पहुंचा सकते हैं।

24 दिसंबर को जब बाजार बंद हुआ था तो चांदी के दाम 22500 रुपए किलो थे। इसके बाद से 25 से 1 जनवरी तक बाजार बंद है। लेकिन सटोरिए अपना खेल लगातार कर रहे हैं। सटोरियों ने तीन दिन में ही चांदी के दाम 29 हजार रुपए बढ़ा दिए हैं। ये दाम अभी रुकने वाले नहीं हैं। इस साल के अंत तक दाम में और इजाफा होगा। ये दाम कहां तक जाएंगे ये कारोबारी भी नहीं बता पा रहे हैं। बाजार में कोई खरीदारी नहीं है, लेकिन ऑनलाइन सटोरियों का कारोबार चल रहा है।

# राजधानी में आज छाए रहेंगे हल्के बादल, सरगुजा में शीतलहर

## मौसम विभाग ने आगामी तीन दिनों तक प्रदेश में शीतलहर चलने की जताई संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में इन दिनों अच्छी ठंड पड़ रही है। सबसे ज्यादा ठंड सरगुजा संभाग में पड़ रही है, जहां कहीं-कहीं शीतलहर जैसी स्थिति भी है। राजधानी रायपुर में भी दिन ढलने के बाद से सुबह 7 बजे तक अच्छी ठंड पड़ रही है, जिससे बचने के लिए लोग गरम कपड़ों का इस्तेमाल भी कर रहे हैं। आगामी तीन दिन तक प्रदेश में न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना कम है।

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में शनिवार को मौसम शुष्क रहा, वहीं सरगुजा संभाग में एक-दो स्थानों पर शीतलहर दर्ज की गई। प्रदेश में सबसे अधिक अधिकतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस दुर्ग में और सबसे न्यूनतम तापमान 4.0 डिग्री सेल्सियस अंबिकापुर में दर्ज किया गया। राजधानी में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 27.1 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 0.8 डिग्री कम रहा, वहीं न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, जो सामान्य से 0.6 डिग्री कम है। सुबह आर्द्रता 76 प्रतिशत और शाम को 48 प्रतिशत रही। हवा की औसत गति 2 किलोमीटर प्रति घंटा रही। प्रदेश के अन्य प्रमुख शहरों की बात करें तो माना एयरपोर्ट में न्यूनतम तापमान 8.9 डिग्री, बिलासपुर में 11 डिग्री, पेंड्रारोड में 7 डिग्री, जगदलपुर में 9.5 डिग्री और दुर्ग में 9.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है।

### रायपुर में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री

राजधानी रायपुर में आज हल्के बादल छाए रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।



### उत्तर छग में कहीं-कहीं शीतलहर की संभावना

मौसम विभाग ने आगामी तीन दिनों तक प्रदेश के उत्तर छत्तीसगढ़ में कहीं-कहीं शीतलहर चलने की संभावना जताई है। इन तीन दिनों तक प्रदेश में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

## अमित जोगी ने की अजमेर शरीफ दरगाह में चादर पेशगी



रायपुर। राजस्थान के अजमेर शरीफ दरगाह में चल रहे सालाना उर्स के मौके पर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने छत्तीसगढ़ के अमन-चैन और खुशहाली की कामना के साथ दरगाह पर चादर भेजी और छत्तीसगढ़ की जनता के लिए दुआ की है। श्री जोगी ने यह चादर मुस्लिम समाज के युवा नेता आरिश अनवर के माध्यम से दरगाह भेजी है। इस अवसर पर युवा नेता आरिश अनवर ने कहा कि जोगी परिवार हमेशा से छत्तीसगढ़ राज्य की उन्नति, प्रदेश में शांति और भाईचारा के लिए प्रतिबद्ध रहा है। इस दौरान पार्टी मुख्य प्रवक्ता भगवानू नायक, रत्नेश मिश्रा, आरिश अनवर, निलेश चौहान, नवीन अग्रवाल, सत्यम डोंगरे, अंश पॉल आदि उपस्थित रहे।

## निधन

### देवी बाई तन्ना



रायपुर। अवंति विहार निवासी देवी बाई तन्ना (100) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 28 दिसंबर को दोपहर 2 बजे उनके निवास स्थान से तेलीबांधा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे हरीशचंद तन्ना की माता थीं।

### धनेश्वर सोनी



रायपुर। वीरभद्र नगर निवासी पहलवान धनेश्वर सोनी का 24 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे भाग्यलक्ष्मी सोनी के पति और सुभाष सोनी, बलभद्र, सुरेश, भूपेंद्र के भाई थे।

### मृदुला चंद्राकर



रायपुर। ब्राह्मण पारा आजाद चौक निवासी मृदुला चंद्राकर का 27 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे वकील जेपी चंद्राकर, जीएस चंद्राकर, नरेंद्र सिंह चंद्राकर की बड़ी बहन थीं।

### सुखमिंदर कौर चावला



रायपुर। एमजीआई-6 सेक्टर 1 शंकर नगर निवासी सरदारनी सुखमिंदर कौर चावला का 27 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 28 दिसंबर को दोपहर 12.30 बजे उनके निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे चंद्रजीत चावला, हरप्रीत कौर की माता और अंगद चावला, मनराज चावला, अगम सिंह की दादी थीं।

## हर महीने रायपुर, दुर्ग में खपाता था लाखों का ड्रग

# पुलिस गिरफ्त में आया ड्रग पैडलर समीर राजा इंटरस्टेट गिरोह का बड़ा सरगना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को जिस ड्रग पैडलर समीर राजा उर्फ अब्दुल करीम को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पांच ग्राम के करीब एमडीएमए के साथ गिरफ्तार किया है, वह मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों की दुनिया में बड़ी मछली है। सूत्रों के मुताबिक अब्दुल करीम के पकड़े जाने के बाद उसे छुड़ाने के लिए कई रसूखदार लोगों द्वारा पुलिस पर दबाव बनाने की कोशिश की गई। अब्दुल करीम मूल रूप से महाराष्ट्र, नागपुर का रहने वाला है। छत्तीसगढ़ में ड्रग नेटवर्क फैलाने के लिए पिछले कई वर्षों से उसने दुर्ग, पाटन में डेरा जमाया था। बताया जा रहा है, छत्तीसगढ़ आने के बाद अब्दुल करीम ने अपने आधार कार्ड से लेकर सभी तरह के दस्तावेजों में फर्जीवाड़ा कर अपना पता तक बदल दिया था।

ऑपरेशन निश्चय के तहत पुलिस ड्रग तस्करों के खिलाफ जैसे-जैसे शिकंजा कस रही है, पुलिस को ड्रग तस्करों के बारे में कई चौंकाने वाली जानकारी मिल रही है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक इंटर स्टेट ड्रग तस्कर रायपुर, दुर्ग तथा राजनांदगांव को ड्रग डंप करने के साथ यहां से देश के अन्य राज्यों में ड्रग आपूर्ति करने सेंट्रल इंडिया का हब बनाने की फिराक में हैं। पुलिस की सख्ती बढ़ने के बाद ड्रग तस्करों में खलबली मची हुई है



ड्रग के साथ पुलिस ने फिर एक युवक को दबोचा, राज्य के अलग-अलग शहरों में घूम-घूम करता था सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मादक पदार्थों की अवैध खरीदी-बिक्री के लिए राजधानी पुलिस ऑपरेशन निश्चय के तहत लगातार अभियान चला रही है। बावजूद इसके मादक पदार्थों की अवैध खरीदी-बिक्री करने वालों के मन में पुलिस के प्रति किसी तरह से कोई खौफ नहीं। ऐसे ही एक मामले में कोतवाली थाने की पुलिस ने दुर्ग, पाटन के एक युवक को पांच ग्राम के करीब एमडीएमए ड्रग के साथ गिरफ्तार किया है। ड्रग के साथ पुलिस ने जिस युवक को पकड़ा है, वह राजधानी सहित प्रदेश के अलग-अलग शहरों में घूम-घूमकर ड्रग सप्लाई करने का काम करता था। पुलिस ने अब्दुल

एक साल में दो सौ से ज्यादा गिरफ्तारी

आपरेशन निश्चय के तहत पुलिस ने एक साल के भीतर नारकोटिक्स एक्ट के 94 मामलों में 217 मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों के कब्जे से पुलिस ने पांच करोड़ रुपए के करीब प्रतिबंधित मादक पदार्थ जब्त किया है, जिसमें गांजा, एमडी ड्रग, चिट्टा, कोकीन, एमडीएमए, अफीम, डोडा, टैबलेट्स और सिरप शामिल हैं। मादक पदार्थों का अवैध कारोबार रोकने पुलिस की नारकोटिक्स सेल, एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट ने लगातार इंटरनेट मीडिया, नेटवर्किंग एप और

### हर माह लाखों का ड्रग खपाता था

अब्दुल करीम रायपुर तथा दुर्ग में हर माह सौ ग्राम से ज्यादा ड्रग खपाता था। ड्रग की कमाई के पैसों से अब्दुल करीम ने दुर्ग तथा नागपुर में कई प्रापर्टी खरीदी है। सूत्रों के मुताबिक अब्दुल करीम हर माह रायपुर तथा दुर्ग में तीन से चार लाख रुपए की ड्रग खपाता था। ड्रग कारोबार से जुड़े लोग अब्दुल को उसके मूल नाम से नहीं जानते थे। ड्रग कारोबार से जुड़े लोग अब्दुल करीम को समीर तथा राजा के नाम से जानते थे।

### पहली बार चार करोड़ से ज्यादा की जब्ती

राजधानी पुलिस पूर्व में भी ड्रग तस्करों पर शिकंजा कसती थी, लेकिन यह पहली बार है कि पुलिस ड्रग तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। इस कारण से पुलिस ने इस वर्ष चार करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रतिबंधित मादक पदार्थों की जब्ती की है। देश के अलग-अलग राज्यों के ड्रग तस्कर स्थानीय स्तर पर जो गांजा, नशीली दवाओं के साथ शराब बिक्री का काम करते हैं, उन्हें अपने साथ जोड़कर ड्रग कारोबार फैलाने की फिराक में हैं।

### अब्दुल करीम का संबंध इन राज्यों के तस्करों से

पुलिस के अनुसार अब्दुल करीम का संबंध महाराष्ट्र के साथ झारखंड, मध्यप्रदेश सहित देश के कई अन्य राज्यों के ड्रग तस्करों के साथ रहा है। अब्दुल करीम रायपुर तथा दुर्ग में एक दर्जन से ज्यादा लोगों को जोड़कर अपने ड्रग नेक्सेस का विस्तार कर रहा था। न्यू ईयर में अब्दुल करीम का पूरा फोकस रायपुर में ड्रग खपाने को लेकर था। इसके लिए उसने कई रसूखदार परिवार के युवकों को अपने साथ जोड़ लिया था।

# बघेल और सिंहदेव के बयान कांग्रेस के सनातन विरोधी होने का प्रमाण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ मुगलों के काल में हिन्दू दमन का कोई इतिहास में उदाहरण नहीं

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने ने सनातन विरोधी बयानों के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव पर पलटवार करते हुए कहा, बघेल, जिनके डीएनए में रामद्रोह रचा-बसा है, और सिंहदेव जो कभी कांग्रेस की राजनीति में एक-दूसरे के धुर विरोधी हुआ करते थे, आज एक सुर में सनातन संस्कृति के खिलाफ बोल रहे हैं। इससे यह आईने की तरह साफ है कि दोनों कांग्रेसी नेता कांग्रेस की सोची-समझी रणनीति के तहत लिखी हुई सनातन विरोधी स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं।

श्री ठोकने ने कहा, बघेल और सिंहदेव के बयान कांग्रेस के सनातन-विरोधी होने का प्रमाण है। भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव के ये बयान सिख पंथ के अनुयायियों का भी घोर अपमान है। एक ओर जब देश में वीर बाल दिवस मनाकर सिख पंथ के दशम गुरु गोबिन्द सिंह साहेब के चारों साहिबजादों के अमर बलिदान को नमन कर रहा है, तब कांग्रेस के नेताओं को नौ वर्ष के जोरावर सिंह और छह वर्ष के फतेहसिंह को मुगल आक्रांताओं द्वारा जिन्दा चुनवा दिया जाना, इन साहिबजादों व उनकी माता गूजरी को गर्म दूध देने वाले बाबा मोतीराम मेहरा और उनके परिवार को कोल्हू में पीसकर शहीद कर दिया जाना नजर नहीं आ रहा है और बड़ी निर्लज्जता के साथ कांग्रेसी यह कह रहे हैं कि मुगलों के काल में हिन्दू दमन का कोई इतिहास में उदाहरण नहीं है।

श्री ठोकने ने कहा कि यदि हिन्दू खतरे में नहीं थे तो कांग्रेस नेता बताएं कि जम्मू-कश्मीर की डेमोग्राफी 12वीं सदी से पहले क्या थी और 12वीं सदी के बाद क्या है। मुगल कांग्रेस के शहंशाह बघेल और उनके नए-नए सिपहसालार बने सिंहदेव समेत कांग्रेस के नेताओं को वामपंथी चश्मा उतारकर देश का वास्तविक इतिहास पढ़ने की जरूरत है।

श्री ठोकने ने कहा कि बघेल ने पं. धीरेंद्रकृष्ण शास्त्री को बालक बताया है तो यह भूपेश बघेल का अहंकार बोल रहा है। छत्तीसगढ़ संतों-महापुरुषों की भूमि है और छत्तीसगढ़ की जनता भक्ति के आनंद में रामनाम का रसपान करती है।

## ट्रेलर के चपेट में आने से बाइक चालक की मौत

रायपुर। धरसींवा थाना क्षेत्र के सिलतरा चौकी में तेज रफ्तार ट्रेलर के चपेट में आने से एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना शुक्रवार रात सवा नौ बजे के करीब की है। पुलिस के अनुसार ट्रेलर के चपेट में आने से विजय प्रताप की मौत हुई है। विजय अपनी बाइक से जा रहा था। इस दौरान सारडा कालोनी के सर्विस रोड पर ट्रेलर सीजी-04 जेसी-9612 के चालक ने लापरवाही पूर्वक ट्रेलर चलाते हुए बाइक चालक को अपनी चपेट में ले लिया।

# पतंग दुकानों में छापा, चाइनीज मांझा साढ़े चार किलो जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मकर संक्रांति के लिए राजधानी रायपुर में पतंगों का बाजार अभी से सजकर तैयार हो गया है। पतंग दुकानों में रंगीन व विभिन्न डिजाइनों में पतंगों के साथ मांझा की बिक्री भी होने लगी है। छत्तीसगढ़ में चाइनीज मांझा बैन है, लेकिन इसके बाद भी पतंग दुकानों में यह मांझा बेचा जा रहा है। नगर निगम की टीम ने शनिवार को पतंग दुकानों में दबिश दी। इस दौरान तीन दुकानों से साढ़े चार किलो प्रतिबंधित चाइनीज मांझा जब्त किया।

नगर निगम की टीम ने राज्य पर्यावरण संरक्षण मंडल की क्षेत्रीय कार्यालय टीम के साथ संयुक्त रूप से शहर में संचालित पतंग दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बूढ़ापारा में संचालित सिटी पतंग भंडार से 2 किलो चाइनीज मांझा जब्त किया। इसी प्रकार मोती पतंग भंडार दुकान से एक किलो तथा संजय पतंग भंडार सदर बाजार से डेढ़ किलो प्रतिबंधित चाइनीज मांझा जब्त किया। टीम ने संगम काइट सेंटर गोलबाजार में भी दबिश दी, लेकिन यहां चाइनीज मांझा नहीं मिला। इन सभी पतंग दुकानदारों को दोबारा चाइनीज मांझा मिलने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

# बहन के साथ प्रेम प्रसंग की आशंका पर युवक की हत्या, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





■ शराब पिलाने के बाद युवक के सिर पर लोहे की राड और बत्ता से हमला कर की गई हत्या

विधानसभा थाना क्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व युवक की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। युवक की हत्या के आरोप में पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर सहित दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। हत्या का कारण मृतक का एक आरोपी की बहन के साथ प्रेम प्रसंग की बात सामने आई है।

ललित कुमार धीवर (22) की हत्या के आरोप में पुलिस ने अर्जुन ध्रुव (19), अजीत कुमार लहरे उर्फ हरजीत (25) को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार अर्जुन को ललित के संग अपनी छोटी बहन के साथ प्रेम प्रसंग होने की आशंका थी। इस पर उसने अपने हिस्ट्रीशीटर दोस्त के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई। दोनों आरोपी छपोरा के रहने वाले हैं, जबकि मृतक धरसींवा थाना क्षेत्र के बंगोली, कुर्रा का रहने वाला था। छपोरा में 22 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर छपोरा में मेला का आयोजन किया गया था। दोनों बदमाशों ने ललित को मेला देखने का झांसा देकर अपने गांव में बुलाया। इसके बाद दोनों ललित को शराब पिलाने के बहाने अपने साथ गांव के गोठान की तरफ ले गए। शराब पीने के दौरान अर्जुन का ललित के साथ अपनी बहन के साथ प्रेम प्रसंग को लेकर विवाद हुआ। इस दौरान अजीत तथा अर्जुन ने अपने पास लाई लोहे की राड तथा लकड़ी के बत्ता से ललित के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी।

### बाइक को तालाब में छिपाया और मोबाइल को फेंक दिया

ललित की हत्या करने के बाद बदमाशों ने उसकी बाइक को गांव के एक तालाब में डुबा दिया और मोबाइल को फेंक दिया। पुलिस के अनुसार गांव के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा में मृतक तथा हत्या का आरोपी अजीत एक जगह साथ दिखे थे। गांव के लोगों ने भी ललित को आखिरी बार अजीत के साथ देखे जाने की पुष्टि की। इसके बाद पुलिस ने अजीत को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उसने अर्जुन के साथ मिलकर ललित की हत्या का अपराध कबूल किया। हत्या करने के बाद बदमाशों ने ललित के शव को जलाने के लिए पास पड़े पैरा को चेहरे पर डालकर आग लगा दी थी। अर्जुन ने अपनी बहन को एक दिन ललित के साथ बाइक में जाते देखा था, तब से उसे अपनी बहन का ललित के साथ प्रेम प्रसंग होने की आशंका थी।

## बिजनेस साइट

### रहेजा ग्रुप द्वारा रायपुर में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन



रायपुर। रायपुर के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर रहेजा ग्रुप द्वारा 25 दिसंबर, 2025 को कचना स्थित क्लब निरवाना में ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर संजय रहेजा के जन्मदिवस को सार्थक बनाने के उद्देश्य से एक विशाल रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह विशेष पहल शहर के जरूरतमंद और वंचित वर्ग के मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने और स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सहयोग को ध्यान में रखकर की गई।

इस शिविर में रहेजा ग्रुप के कर्मचारियों और एसोसिएट्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाई। ग्रुप के समस्त कर्मचारियों और पार्टनर्स ने एकजुट होकर इस अभियान को एक सफल मानवीय मिशन का रूप दिया, जिन्हें इस महादान के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान मेडिकल एक्सपर्ट्स की देखरेख में सुरक्षा और स्वच्छता के कड़े मानकों का विशेष ध्यान रखा गया। इस सामूहिक प्रयास के माध्यम से बड़ी संख्या में रक्त यूनिट एकत्रित की गईं, जो रायपुर के विभिन्न अस्पतालों और ब्लड बैंकों में आपातकालीन चिकित्सा के लिए उपलब्ध कराई जाएंगी।

### मैट्स विश्वविद्यालय में द्विदिवसीय अनुसंधान सम्मेलन का आयोजन



रायपुर। मैट्स विश्वविद्यालय मुख्य परिसर गुल्लू आरंग में द्विदिवसीय अनुसंधान सम्मेलन का आयोजन आरम्भ हुआ ज्ञातव्य हो मैट्स विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ की एक मात्र NAAC A+ ग्रेड अर्जित निजी विश्वविद्यालय है जो अपने शैक्षणिक एवं अनुसंधान कार्यों के साथ ही शिक्षार्थियों के सर्वांगीण विकास का केंद्रबिंदु है। इस अनुसंधान सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि एवं वक्ता के रूप में डॉक्टर जितेंद्र सिंह डायरेक्टर रिसर्च सर्विस महात्मा गांधी विश्वविद्यालय ऑफ हॉर्टिकल्चर एंड फॉरेस्ट्री पाटन दुर्ग , डॉक्टर अमित दुबे साइंटिस्ट सीजी कॉस्ट रायपुर, डॉक्टर कमलेश श्रीवास एसओएस केमिस्ट्री पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, डॉक्टर कमलेश शुक्ला एसओएएस बायोटेक्नोलॉजी पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, डॉक्टर तोप लाल वर्मा राष्ट्रीय सेवक संघ छत्तीसगढ़ क्षेत्र, डॉक्टर शुभा बनर्जी एसोसिएट प्रोफेसर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर की गरिमामयी उपस्थित रही। मैट्स विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री गजराज पगारिया जी के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं विद्वानों को शुभकामनाएं दी।

### पारस ग्रुप ऑफ फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण को प्रमाण पत्र वितरित



रायपुर। पारस ग्रुप ऑफ फाउंडेशन एवं रोटरी क्लब ऑफ रायपुर वेस्ट के संयुक्त तत्वावधान में संचालित निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण एवं निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को आज प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम रोटरी क्लब रायपुर वेस्ट, न्यू राजेन्द्र नगर में पारस ग्रुप ऑफ फाउंडेशन के माध्यम से निरंतर संचालित किया जा रहा है, जिससे बड़ी संख्या में बच्चे एवं महिलाएँ लाभान्वित हो रहे हैं। संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज के निम्नवर्गीय परिवारों एवं महिलाओं को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। इस अवसर पर पारस ग्रुप ऑफ फाउंडेशन की अध्यक्ष सुश्री कविता कुंभज एवं सचिव मुलचंद कश्यप उपस्थित रहे। वहीं रोटरी क्लब ऑफ रायपुर वेस्ट के अध्यक्ष श्री गोपी मथानी एवं सचिव सी.ए. सतीश ठौरानी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## पेज 11 के शेष ...

### खतरों के खिलाड़ी...कुम्हारी ...

तक पहुंचने के लिए ट्रेनों के नीचे से निकलते हैं, जिससे हादसे की आशंका लगातार बनी हुई है। हरिभूमि की पड़ताल में सामने आया है कि स्टेशन के पीछे की ओर एक नई शराब दुकान खुलने के बाद से लोगों की आवाजाही और भी बढ़ गई है। स्टेशन की बाउंड्री वॉल नहीं होने के कारण खेतों की दिशा से लोग सीधे स्टेशन में ट्रैक पार करते हैं और खड़ी मालगाड़ी के नीचे से होकर स्टेशन या दुकान पहुंच जाते हैं। यह रास्ता जितना आम हो गया है, उतना ही जानलेवा भी साबित हो सकता है।

बता दें कि कुम्हारी स्टेशन मेन लाइन पर है, जहां अक्सर लंबी मालगाड़ियां खड़ी रहती हैं। कपलिंग के नीचे से गुजरते समय अगर ट्रेन अचानक चल पड़ी तो जान बचाना मुश्किल हो जाएगा। ट्रेन शुरू करने से पहले भले ही हॉर्न बजाया जाए, लेकिन कई लोग इसे नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे जोखिम और भी बढ़ जाता है। रेलवे ने न तो स्टेशन के पिछले हिस्से की घेराबंदी की है और न ही वैकल्पिक व्यवस्था बनाई गई है।

### सैकड़ों की संख्या में ...

चकमा देकर तेलीबांधा पहुंच गए और वहां जमकर प्रदर्शन करने के साथ चक्काजाम किया।

उल्लेखनीय है कि कांकेर, आमाबेड़ा में धार्मिक विवाद के बाद हुई हिंसा के विरोध में सर्वसमाज ने बुधवार को प्रदेश बंद का आव्हान किया था। बंद के दौरान प्रदर्शनकारियों ने मैग्नेटो मॉल में क्रिसमस की तैयारी में बनाए जा रहे सेट में जमकर तोड़फोड़ करते हुए लोगों के साथ बदसलूकी की। मॉल प्रबंधन की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात 30 से 40 लोगों के खिलाफ बलवा, तोड़फोड़ सहित कई अन्य गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज किया था। अपराध दर्ज होने के बाद पुलिस ने सीसीटीवी तथा लोगों द्वारा शूट किए गए वीडियो के आधार पर तोड़फोड़ करने वालों की पहचान कर सात प्रदर्शनकारियों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल किया। इसी के विरोध में हिंदूवादी संगठन से जुड़े लोगों ने प्रदर्शन किया।

***धमकी को देखते हुए सिविल लाइंस में की गई थी तैयारी*** : हिंदूवादी संगठन से जुड़े नेताओं ने पुलिस प्रशासन को लिखित में सिविल लाइंस थाने का घेराव करने की चेतावनी दी थी। चेतावनी को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा के लिहाज से सिविल लाइंस थाने में बैरिकेडिंग करने के साथ फोर्स की तैनाती की थी।

दूसरी ओर हिंदूवादी संगठन से जुड़े कार्यकर्ता मोतीबाग के पास एकत्रित हुए और वहां से सिविल लाइंस जाने के बजाय सीधा तेलीबांधा थाना पहुंच गए। तेलीबांधा थाना में घेराव को लेकर पुलिस ने पूर्व में किसी तरह से तैयारी नहीं की थी, इसलिए वहां अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। सिविल लाइंस थाना की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को आनन-फानन में तेलीबांधा शिफ्ट किया गया।

***तेलीबांधा थाने का इसलिए घेराव:*** बजरंग दल के नेताओं के अनुसार उनके कार्यकर्ताओं के खिलाफ तेलीबांधा थाने की पुलिस ने कार्रवाई की है। इस कारण बजरंग दल के कार्यकर्ता सिविल लाइंस की जगह तेलीबांधा थाने का घेराव करने पहुंचे। कार्यकर्ताओं की जल्द रिहाई नहीं होने पर बजरंग दल के नेताओं ने आने वाले दिनों में प्रदर्शन जारी रखने के साथ गिरफ्तारी की चेतावनी दी है।

### आठ घंटा प्रदर्शन के बाद...

अपनी मांग पर अड़े रहे। पूरी रात धरने पर बैठे रहने बजरंगदल कार्यकर्ताओं ने टेंट की व्यवस्था करने के साथ भोजन पकाने गैस चूल्हा के साथ राशन की व्यवस्था तक कर ली। इसके बाद पुलिस ने मामला शांत करने रात दस बजे के करीब बजरंगदल के सौ से ज्यादा कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी की। इसके बाद बजरंगदल के कार्यकर्ता शांत हुए।

### बीच रोड में हनुमान...

हाथ नहीं रहा है। बावजूद इसके पुलिस ने बजरंग दल को टार्गेट कर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के खिलाफ अपराध दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की है। इसी बात को लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव किया।

### कोर्ट परिसर बना अखाड़ा ...

कराई है। घटना सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की है। मौके पर उपस्थित प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जिन महिलाओं के बीच मारपीट की घटना हुई है, वे तेलीबांधा थाना क्षेत्र के देवार पारा की रहने वाली हैं। महिलाओं ने पिछले दिनों आपसी विवाद के चलते एक दूसरे के साथ मारपीट की थी। घटना की तेलीबांधा थाने में शिकायत दर्ज हुई है। उसी मारपीट के मामले में महिलाएं पेशी में आई थीं। पेशी में आने के दौरान नोटरी कक्ष के सामने महिलाएं किसी बात को लेकर एक दूसरे के साथ बहस करने लगीं। बहस के दौरान दोनों पक्ष की महिलाएं एक दूसरे के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगीं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और कोर्ट की सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और स्थिति को काबू में किया। घटना का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हो रहा है।

### सटोरियों का ऐसा खेला...

एक ही दिन में 18 हजार रुपए दाम बढ़े हैं। सोने के दाम भी लगातार आसमान पर जा रहे हैं। सोना अब डेढ़ लाख के रास्ते पर है। इस समय दाम 143900 रुपए हैं। सटोरिए इसके दाम भी इसी साल के अंत में डेढ़ लाख तक पहुंचा सकते हैं। 24 दिसंबर को जब बाजार बंद हुआ था तो चांदी के दाम 22500 रुपए किलो थे। इसके बाद से 25 से 1 जनवरी तक बाजार बंद है। लेकिन सटोरिए अपना खेल लगातार कर रहे हैं। सटोरियों ने तीन दिन में ही चांदी के दाम 29 हजार रुपए बढ़ा दिए हैं। ये दाम अभी रुकने वाले नहीं हैं। इस साल के अंत तक दाम में और इजाफा होगा। ये दाम कहां तक जाएंगे ये कारोबारी भी नहीं बता पा रहे हैं। बाजार में कोई खरीदारी नहीं है, लेकिन ऑनलाइन सटोरियों का कारोबार चल रहा है।

# प्रदेश में रोज 60 लाख अंडे डकार रहे लोग, दाम चिल्हर में साढ़े आठ रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुलाबी ठंड के बढ़ने के साथ ही प्रदेश में अंडों की रोज खपत में भी इजाफा हो गया है। प्रदेश के लोग रोज 60 लाख अंडे डकार रहे हैं। अंडों की खपत में इजाफा होने के कारण इसके दाम पहली बार चिल्हर में आठ से साढ़े आठ रुपए पहुंच गए हैं। थोक में इसके दाम जहां आठ रुपए हैं, वहीं पोल्ट्री फार्म में ही पौने सात रुपए हैं। इस साल तो गर्मी में खपत कम होने के बाद भी दाम सात रुपए हो गए थे। आमतौर पर गर्मी में दाम कम हो जाते हैं।

छत्तीसगढ़ की गिनती देश के अंडों का ज्यादा उत्पादन करने वाले राज्यों में होती है। अपने प्रदेश में रोज 80 लाख अंडों का उत्पादन होता है। इसमें से 45 से 50 फीसदी अंडे दूसरे राज्यों में जाते हैं, बाकी अंडों की खपत अपने राज्य में होती है। गर्मी के समय में जब खपत कम हो जाती है, तब बहुत परेशानी होती है। उत्पादन तो रुक नहीं सकता, ऐसे में अंडों को कोल्ड स्टोरेज में रखना पड़ता है।

**प्रदेश में रोज 80 लाख अंडों का होता है उत्पादन**



### पहली बार इतने दाम

ठंड के सीजन में हमेशा से ही अंडों की कीमत में इजाफा हो जाता है। इस माह के प्रारंभ में रायपुर में चिल्हर में सात रुपए कीमत हो गई थी। तब पोल्ट्री फार्म में दाम 5.60 रुपए से 5.75 रुपए थे। थोक कारोबारियों के यहां पर दाम 6.25 रुपए और किराना दुकानों के साथ चिल्हर कारोबारियों को पहुंचाकर वेंडर 6.35 से 6.50 रुपए में अंडे दे रहे थे। ऐसे में चिल्हर कारोबारी सात रुपए में बेच रहे थे। अब तो इसके दाम और ज्यादा हो गए हैं। अब तो पोल्ट्री में ही थोक में दाम पौने सात रुपए हैं। पोल्ट्री वाले ही चिल्हर में 30 अंडों का एक क्रेट लेने पर साढ़े सात रुपए के दाम से 225 रुपए में एक क्रेट बेच रहे हैं। इतने ही दाम बड़ी चिकन दुकानों में हैं, जहां पर अंडे सीधे पोल्ट्री फार्म से आते हैं। जहां तक किराना दुकानों का सवाल है तो वहां पर थोक में आठ रुपए के दाम से ही अंडे बिक रहे हैं। एक दर्जन लेने पर भी 96 रुपए लग रहे हैं। किराना दुकानों तक वेंडर पहुंचाकर साढ़े सात रुपए में अंडे दे रहे हैं। चिल्हर में एक-दो पीस लेने पर दाम 8.50 रुपए लिए जा रहे हैं।

### खपत बढ़ी

प्रदेश में रोज अंडों का 80 लाख उत्पादन होता है। इसमें से 35 से 40 लाख अंडे दूसरे राज्यों में जाते हैं, बाकी अंडों की खपत अपने राज्य में होती है, पर इस समय अपने राज्य में ही रोज 60 लाख से ज्यादा की खपत हो रही है। दूसरे राज्यों में 18 से 20 लाख अंडे ही जा पा रहे हैं। आने वाले समय में खपत में और इजाफा हो सकता है।

## खबर संक्षेप

### नीलकंठेश्वर मंदिर में संगोष्ठी, गहन मंथन भी



**रायपुर।** नीलकंठेश्वर मंदिर के सभागृह में शनिवार को समाज प्रमुखों की एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी हुई। इस वैचारिक चर्चा में सनातन धर्म के संरक्षण और उत्थान को लेकर गहन मंथन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पं. नीलकंठ त्रिपाठी ने बताया कि छत्तीसगढ़ सर्व समाज महासम्मेलन के सुखद निष्कर्ष स्वरूप एक नई पहल करते हुए 'सनातन जन कल्याण समिति' का गठन किया गया है। यह समिति समस्त समाजों के बीच एकता, सामंजस्य और हर सुख-दुख में सहभागी बनने के संकल्प के साथ कार्य करेगी। साथ ही सर्व समाज महासभा के सदस्यों को एकजुट रहने की प्रेरणा दी। बैठक में उपस्थित विभिन्न समाज प्रमुखों ने उत्साहपूर्वक अपने सुझाव साझा किए और सर्वसम्मति से समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

### चौबे कॉलोनी में काव्य गोष्ठी का आयोजन



**रायपुर।** नव छत्तीसगढ़ साहित्य सांस्कृतिक, संस्थान द्वारा चौबे कॉलोनी स्थित साहित्य सदन में शनिवार को काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संस्था के संस्थापक अध्यक्ष संजीव ठाकुर की अध्यक्षता में की गई। गोष्ठी कार्यक्रम में अनेक कवियों-कवयित्रियों ने अपनी सहभागिता निभाई। इस अवसर पर संस्था के सचिव शशांक खरे, महिला प्रकोष्ठ की सचिव सुमन शर्मा वाजपेई, युवा कवि अभिषेक शर्मा, सरयूकांत झा स्मृति संस्थान के सचिव शारदेंदु झा, अनिता शरद झा, धार्मिक आलेख लिखने वाली लेखिका भावना ठाकुर, खेल के लेखक ऐश्वर्या राज ठाकुर एवं राजश्री झा ने अपनी अपनी रचनाएं सुनाईं।

### अनुपस्थिति में ही ट्रांसफर आदेश जारी करना एक बड़ा सवाल

# हथकरघा विकास-विपणन संघ कर्मचारियों के ट्रांसफर में गोलमाल, संचालक के हस्ताक्षर-मंजूरी के बिना आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित रायपुर के भनपुरी गोदाम में लाखों रुपए का धागा चोरी की घटना के बाद यह संघ लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। हाल ही में हथकरघा विपणन संघ के सचिव ने कुछ कर्मचारियों का ट्रांसफर आदेश जारी किया है। इस आदेश के बाद कर्मचारियों को उनके पद से हटाते हुए नई जिम्मेदारी भी दी गई है, लेकिन यह ट्रांसफर आदेश में ही बड़ी गड़बड़ी हुई है, क्योंकि इस आदेश में विपणन संघ के संचालक के हस्ताक्षर ही नहीं हैं। सूत्रों के अनुसार जिस दिन यह आदेश जारी हुआ है, उसके पहले से ही संचालक अवकाश पर हैं, जो अब तक लौटे नहीं हैं। इस तरह उनकी अनुपस्थिति में ही ट्रांसफर आदेश जारी करना एक बड़ा सवाल है।

हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित रायपुर के कर्मचारियों का हाल ही में ट्रांसफर आदेश जारी हुआ है। यह आदेश संघ के सचिव एमएम जोशी ने के हस्ताक्षर से जारी हुआ है। इस आदेश के तहत बिक्री प्रबंधक राजाराम देवांगन को प्रभारी विपणन एवं वसूली कार्यालय रायपुर, बिक्री प्रबंधक टेकराम देवांगन को प्रभारी लेखा एवं उत्पादन शाखा संघ कार्यालय रायपुर तथा बिक्री प्रबंधक गोविंद देवांगन को गोदाम प्रभारी, प्रोसेस वस्त्र, ग्रे वस्त्र, रेडीमेड गणवेश, रंगीन धागा तथा सहायक उपकरण संघ गोदाम डूमरतराई का दायित्व सौपा गया है।







### गोदाम से गायब 17 लाख रुपए का धागा अब तक बरामद नहीं

हथकरघा विभाग के भनपुरी स्थित केन्द्रीय भण्डारण निगम-3 गोदाम से 9 हजार 6 सौ किलो धागा का 160 बंडल चोरी हुआ था, जिसकी कीमत करीब 28 लाख रुपये है। यह चोरी तत्कालीन गोदाम प्रभारी राजाराम देवांगन के कार्यकाल में हुई थी। हालांकि इस घटना की रिपोर्ट 5 माह बाद थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने इस मामले में जांच करते हुए गोदाम में कार्य करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया था, जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने बेचा हुआ मॉल खरीदार से जब्त भी किया। हालांकि जब्त किए गए मॉल की कीमत करीब 11 लाख रुपए थी। इस तरह 17 लाख रुपए का मॉल पुलिस के हाथ भी नहीं लगा।

### अफसर भी जवाब देने से बच रहे

ट्रांसफर आदेश के मामले में उनका पक्ष जानने के लिए विपणन संघ के संचालक तथा सचिव से मोबाइल पर संपर्क करने के साथ मैसेज किया, लेकिन उन्होंने न ही कॉल रिसीव किया और न ही मैसेज का जवाब आया। इस तरह अफसर भी इस मामले में कुछ भी जानकारी देने से बचते दिखाई दे रहे हैं।

### बिना कारण हटाया गया

बिना कारण मुझे हटाया गया है। इस संबंध में सचिव ने ट्रांसफर आदेश जारी किया है। आदेश के तहत वे अब नई जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। आदेश नियम के तहत जारी हुआ है या नहीं, इसकी जानकारी संघ के आला अधिकारी ही दे पाएंगे।

**- राजाराम देवांगन,** प्रभारी, विपणन एवं वसूली कार्यालय रायपुर

### गायब माल चोरी हुआ भी या नहीं, इसकी जांच तक नहीं हुई

गोदाम से चोरी हुए 28 लाख रुपए कीमत के माल में 17 लाख का माल को लेकर पुलिस कहना है कि आरोपी से पूछताछ में चोरी का जितना माल बेचा गया था, उतना जब्त किया है। इसके अलावा अन्य चोरी के माल की जानकारी पुलिस को भी नहीं मिल पाई है। इधर गोदाम से 17 लाख का माल चोरी हुआ भी है या नहीं, इस मामले में विपणन संघ की ओर से अब तक विभागीय जांच तक नहीं कराई गई है, जिससे संघ के अधिकारी भी संदेह के दायरे में हैं।

### डुप्लीकेट चाबी बनाकर की गई थी चोरी

पुलिस की जांच में पता चला है कि आरोपी ने डुप्लीकेट चाबी बनाकर गोदाम से माल की चोरी किया था। आरोपी के हाथ गोदाम की ओरिजनल चाबी कैसे लगी, इसकी भी जांच नहीं हो पाई है, जबकि गोदाम प्रभारी के पास ही ओरिजनल चाबी रहती थी। इस घटना की रिपोर्ट 5 महीने के बाद क्यों दर्ज कराई गई है, इस संबंध में भी अब तक खुलासा नहीं हुआ है।

# सड़क पर सीएंडडी वेस्ट डंप किए जाने पर 25 भवन-स्वामियों पर कार्रवाई, वसूला 8 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नगर निगम प्रशासन भवनों के सामने सड़क पर सीएंडडी वेस्ट डंप करने वाले भू-स्वामियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस कड़ी में शनिवार को जोन-10 की टीम ने विशेष अभियान चलाकर करीब 25 स्थानों पर सीएंडडी वेस्ट डंप मिलने पर भवन स्वामियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उन पर जुर्माना लगाया है। इस तरह इन भवन स्वामियों से कुल 8 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया है।

जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे के निर्देश पर सहायक अभियंता योगेश यदु, सुशील अहीर, उप अभियंता अजय श्रीवास्तव की उपस्थिति में टीम ने क्षेत्र में निरीक्षण करते हुए 25 स्थानों पर भवन के सामने सीएंडडी वेस्ट डंप मिला। इस सीएंडडी वेस्ट के कारण आसपास के लोगों को सड़क पर आवागमन करने में परेशानी हो रही थी, साथ ही गाड़ियां चलने से इस वेस्ट से डस्ट उड़ने से वाहन चलाने में भी चालकों को परेशानी हो रही थी। नगर निगम की टीम ने इन सभी प्रकरणों में भवन स्वामियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनसे कुल आठ हजार रुपए का जुर्माना भी वसूल किया है।

उल्लेखनीय है कि शहर में लगभग सभी जोन क्षेत्र में ऐसे कई कालोनी, मोहल्ले एवं बस्तियां है, जहां की मुख्य सड़कों से लगे भवनों के सामने कंस्ट्रक्शन की सामग्री डंप किए जाने के कारण आम लोगों को परेशान होना पड़ता है। नगर निगम अब ऐसे भवन मालिकों के विरुद्ध कार्रवाई तो कर रही हैं, लेकिन भवनों के सामने से डंप सीएंडडी वेस्ट को जब्ती या हटाने की कार्यवाही नहीं कर रही है। इससे लोगों की परेशानी का निराकरण भी नहीं हो पा रहा है।

# साक्षात्कार से पहले यूपीएससी के चयनित अभ्यर्थियों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला प्रशासन के 'प्रोजेक्ट अनुभव' अंतर्गत यूपीएससी सिविल सर्विस परीक्षा 2025 में चयनित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार से पहले प्रशिक्षण दिया गया। इसके लिए कलेक्टोरेट कार्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कलेक्टर गौरव सिंह, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, सीनियर डीसीएम रेलवे अवधेश कुमार त्रिवेदी, आईएएस अनुपमा आनंद, आईपीएस ईशु अग्रवाल, साइंस कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर भूवाल सिंह ने अभ्यर्थियों के मॉक इंटरव्यू के माध्यम से उनका मूल्यांकन किया एवं साक्षात्कार की तैयारी के लिए व्यावहारिक सुझाव दिए।



### दो अभ्यर्थियों का मॉक इंटरव्यू

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान दो अभ्यर्थियों संजय डहरिया और रोशन अग्रवाल का मॉक इंटरव्यू लिया गया। दोनों अभ्यर्थी से 45 से 50 मिनट तक सवाल पूछ कर पहले उनका मूल्यांकन किया गया। इसके बाद उन्हें साक्षात्कार की तैयारी के लिए सुझाव दिए। जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन ने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं में आत्मविश्वास, व्यक्तित्व विकास और प्रस्तुति कौशल को निखारना है।

# फेडरेशन की मांगों के समर्थन में नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी भी 31 दिसंबर को सामूहिक हड़ताल पर रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन की मांगों के समर्थन में नगर निगम रायपुर के अधिकारी-कर्मचारी भी 31 दिसंबर को सामूहिक रूप से हड़ताल पर रहेंगे। हड़ताल के पहले 29 एवं 30 दिसंबर को सभी अधिकारी-कर्मचारी काली पट्टी लगाकर दफ्तरों में कार्य करेंगे। नगर निगम मुख्यालय के सामान्य सभा कक्ष में शनिवार को छत्तीसगढ़ राज्य अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के पदाधिकारियों एवं नगर निगम अधिकारी कर्मचारी एकता संघ के पदाधिकारियों के बीच बैठक हुई। इस बैठक में फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, राज्य पदाधिकारी उमेश मुदलियार, रायपुर जिला संयोजक पीताम्बर पटेल रायपुर, निगम अधिकारी कर्मचारी एकता संघ के कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद जाधव, पदाधिकारी मोनिका यादव, माया वर्मा, आनंद ताम्रकार, मोहित जायसवाल, भारतेश नेताम, राम सेन्द्रे, चंदन रगड़े, संजय यादव, राजकुमार कुर्रे, अमित बेहरा, राहुल वैष्णव सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

**बैठक में फेडरेशन की कलमबंद हड़ताल को एकता संघ ने दिया समर्थन :** बैठक में फेडरेशन ने एकता संघ के पदाधिकारियों को जानकारी दी कि फेडरेशन के बैनर तले 29, 30 एवं 31 दिसंबर को तीन दिवसीय कामबंद-कलमबंद हड़ताल की जाएगी इसके साथ ही फेडरेशन पदाधिकारियों ने एकता संघ से हड़ताल के लिए समर्थन मांगा, जिसे एकता संघ के कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद जाधव ने हामी भरते हुए कहा कि इस हड़ताल में उनका पूरा समर्थन रहेगा। इस दौरान निगम के अधिकारी-कर्मचारी भी दो दिन काली पट्टी लगाकर ड्यूटी करेंगे, वहीं आखिरी व तीसरे दिन हड़ताल कर उनके आंदोलन में शामिल होंगे।

### आवश्यक सेवाएं जारी रहेंगी

प्रमोद जाधव ने बैठक में कहा कि इस हड़ताल के दौरान निगम क्षेत्र अंतर्गत सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य अत्यावश्यक सेवाएं जारी रहेंगी। इन सभी सेवाओं में ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों को हड़ताल से मुक्त रखा जाएगा।

### रैली निकालेंगे, इंडोर स्टेडियम में धरना-प्रदर्शन करेंगे

राज्य अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन की हड़ताल के समर्थन में नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी 31 दिसंबर को निगम मुख्यालय से रैली निकालकर इंडोर स्टेडियम के पास धरना-स्थल में एकत्र होकर धरना-प्रदर्शन करेंगे।

### महापौर-आयुक्त को संघ के पदाधिकारी सौपेंगे ज्ञापन

एकता संघ के कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद जाधव ने बताया कि संघ के सभी पदाधिकारी 29 दिसंबर को महापौर मीनल चौबे और आयुक्त विश्वदीप से मिलकर उनको लिखित मांगपत्र सौपेंगे। इस मांग पत्र के माध्यम से आगामी 10 वर्षों के विभागीय सेटअप के संबंध में चर्चा कर सभी विभागों के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को समान अवसर देकर विभागीय पदोन्नति का वांछित लाभ शीघ्र दिए जाने की मांग की जाएगी।

# धान परिवहन करने की मांग खरीदों केंद्रों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धान खरीदी केंद्रों से धान का उठाव नहीं होने और किसानों की परेशानियों को देखते हुए पूर्व जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने तत्काल धान का परिवहन करने की मांग सरकार से की है। कड़ी में शनिवार को श्री वर्मा ने विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि सभी समितियों में भारी धान का स्टेक जमा है, आज खोना समिति में खरीदी का लिमिट नहीं बढ़ने से वहां 2 एकड़ से ऊपर के किसान का टोकन नहीं कटा है। धान का भारी मात्रा में जाम पड़ा है। यही स्थिति रही तो धान खरीदी बंद होने की स्थिति है। बड़े किसान टोकन के लिए समिति एवं चॉइस सेंटर के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन 2 एकड़ से ऊपर का टोकन नहीं कट रहा है। वहीं कुथरेल समिति में किसानों द्वारा 41.300 धान देने की बात कही गई। श्री वर्मा ने तत्काल धान का परिवहन करने की मांग की है, जिससे समिति प्रभारियों को सूखत से निजात मिल सके। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने चेतावनी दी है कि अगर किसानों से अधिक धान लेंगे तो किसान आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। निरीक्षण के दौरान घनश्याम वर्मा, मुकेश ठाकुर, भगवती साहू, मनोज ठाकुर, युधिष्ठिर पटेल, खिलेश्वर साहू, नरेश ठाकुर, कुक्कू ठाकुर, संतोष बघेल, लोमेश साहू, फेंकूराम नायक, जीतेंद्र साहू आदि उपस्थित रहे।






45वीं एनटीपीसी जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता (रिकर्व, कंपाउंड एवं इंडियन राउंड) के कंपाउंड वर्ग का शनिवार को स्वामी विवेकानंद एथलेटिक स्टेडियम कोटा रोड में समापन हुआ। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल विजेता खिलाड़ियों को डिप्टी सीएम और खेल मंत्री अरुण साव समेत अन्य अतिथियों ने सम्मानित किया।

## एजुकेशन अलर्ट

### कॉन्स्टेबल के पदों पर रजिस्ट्रेशन 27 दिसंबर से शुरू, 60 हजार से अधिक मिलेगी सैलरी

**रायपुर।** बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स की ओर से स्पोर्ट्स कोटा के तहत कॉन्स्टेबल (जीडी) के पदों पर भर्ती के लिए जल्द ही उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। जो उम्मीदवार कॉन्स्टेबल (जीडी) के पदों पर नौकरी करने के लिए परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। वे उम्मीदवार जल्द ही इन पदों के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। बीएसएफ की ओर से एप्लीकेशन विंडो 27 दिसंबर से एक्टिव कर दी जाएगी। इसके साथ ही इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार 15 जनवरी, 2026 रात 11:59 बजे तक आवेदन कर सकेंगे। स्पोर्ट्स कोटा के तहत कॉन्स्टेबल (जीडी) के पदों पर चयनित उम्मीदवारों को प्रतिमाह 21,700 रुपये से लेकर 69,100 रुपये प्रदान किए जाएंगे। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 23 वर्ष निर्धारित की गई है। इसके अलावा, उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट भी प्रदान की जाएगी। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति उम्मीदवारों को पांच वर्ष की छूट और ओबीसी उम्मीदवारों को तीन वर्ष की छूट दी जाएगी। उम्मीदवारों की आयु की गणना 01 अगस्त, 2025 के आधार पर की जाएगी।




#### ऐसे कर सकेंगे अप्लाई

कॉन्स्टेबल (जीडी) के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवार भारत के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कक्षा दसवीं व इसके समकक्ष कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। इसके अलावा, आवेदन करने के लिए जरूरी है कि उम्मीदवारों ने इंटरनेशनल या चैंपियनशिप में भाग लिया हो। कॉन्स्टेबल (जीडी) के पदों पर आवेदन 27 दिसंबर से शुरू हो जाएंगे। ऐसे में ऑनलाइन आवेदन प्रकिया शुरू होने के बाद उम्मीदवार यहां बताए गए स्टेप्स की मदद से अपना फॉर्म भर सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को सबसे पहले ऑफिशियल वेबसाइट **rectt.bsf.gov.in** पर जाकर विजिट करना होगा। अब वेबसाइट के होमपेज पर उम्मीदवारों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करना होगा। इसके बाद व्यक्तिगत जानकारी को दर्ज करने के बाद शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण-पत्र और स्पोर्ट्स का प्रमाण-पत्र अपलोड करना होगा। अब एप्लीकेशन फीस का भुगतान करना होगा। अंत में फॉर्म सबमिट करने के बाद इसका एक प्रिंटआउट भी अवश्य निकाल लें।

# दृष्टि नहीं एकाग्रता से साधा निशाना, गांव की बेटी बनी तीरंदाजी की चैंपियन, कंपाउंड वर्ग में छत्तीसगढ़ पिछड़ा

## 45वीं एनटीपीसी जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी कंपाउंड प्रतियोगिता का समापन, विजेताओं का सम्मान

**रायपुर।** समारोह में उप मुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि तीरंदाजी एकाग्रता, अनुशासन और धैर्य का खेल है, जो भारत की परंपरागत खेल विरासत का अहम हिस्सा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार तीरंदाजी के विकास को लेकर बेहद संवेदनशील और प्रतिबद्ध है। डिप्टी सीएम श्री साव ने घोषणा करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्तर की आर्चरी अकादमी की स्थापना के लिए छत्तीसगढ़ सरकार और एनटीपीसी के बीच 50 करोड़ रुपए का एमओयू हो चुका है। इसके लिए उपयुक्त स्थान भी चिन्हांकित कर लिया गया है। यह अकादमी आने वाले वर्षों में देश को अंतर्राष्ट्रीय स्तर के तीरंदाज देने का केंद्र बनेगी।

### बचपन में लकड़ी का धनुष था खिलौना

महाराष्ट्र के अटिया गांव से खिलाड़ी हेमलता ने बताया कि आदिवासी होने से बचपन से लकड़ी का धनुष खिलौना रहा है। लक्ष्य पर तीर चलाने की कला विरासत में मिली है। गांव के लोगों के लिए तीरंदाजी एक सामान्य खेल है। बचपन में धनुष से ऐसा लगाव हुआ कि 10 साल की उम्र से तीरंदाजी संघ से जुड़ गई। खिलाड़ी का कहना है कि अगर आंखें कमजोर हैं, फिर भी हम अपने लक्ष्य पर एकाग्रता शक्ति से निशाना लगा सकते हैं। हम खिलाड़ियों को मिनी टेलीस्कोप मिलता है, जिससे शॉट चलाने में बड़ी आसानी हो जाती है। गांव में अमरूद और बेर धनुष से तोड़ा करती थी। इससे ही सटीक निशाना लगाने में मदद मिली। दो बार गोल्ड और तीन सिल्वर मेडल प्राप्त कर चुकी हूं।




### 2028 ओलंपिक की ओर बढ़ते कदम

आर्चरी एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका ने कहा कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता का सफल आयोजन छत्तीसगढ़ की खेल क्षमता और संगठनात्मक मजबूती को दर्शाता है। एसोसिएशन का लक्ष्य है कि प्रदेश के अधिक से अधिक प्रतिभाशाली तीरंदाजों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाया जाए। इस कार्यक्रम में समारोह में विधायक मोतीलाल साहू, सह प्रांत प्रचारक छत्तीसगढ़ प्रांत के नारायण नामदेव, फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष मोना सेन, विजय अग्रवाल, झारखंड के सुमंत जो, बिहार मनोज, सतपाल अग्रवाल पद्मश्री पूर्णिमा महतो, पवन सिंघानिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का धन्यवाद महासचिव आयुष मुरारका ने किया।





### कंपाउंड वर्ग में महाराष्ट्र और हरियाणा का दबदबा

5वीं जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप (कंपाउंड वर्ग) में विभिन्न राज्यों के तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में महाराष्ट्र और हरियाणा सबसे सफल राज्य बनकर उभरे। कंपाउंड वर्ग में महाराष्ट्र ने कुल 5 पदक अपने नाम किए, जिसमें 2 स्वर्ण, 2 रजत और 1 कांस्य शामिल हैं। पुरुष व्यक्तिगत एलिमिनेशन और महिला व्यक्तिगत एलिमिनेशन में महाराष्ट्र को स्वर्ण पदक मिला, जबकि व्यक्तिगत क्वालिफिकेशन और टीम स्पर्धाओं में भी राज्य के खिलाड़ियों ने लगातार पदक जीतकर दबदबा बनाए रखा। हरियाणा ने कुल 2 पदक जीते, जिनमें 1 स्वर्ण और 1 रजत शामिल है। पुरुष व्यक्तिगत क्वालिफिकेशन में हरियाणा के तीरंदाजों ने गोल्ड और सिल्वर दोनों पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अलावा पुरुष टीम इवेंट में हरियाणा ने स्वर्ण पदक हासिल किया। दिल्ली को 2 पदक मिले। पुरुष व्यक्तिगत एलिमिनेशन में कांस्य और महिला टीम इवेंट में स्वर्ण पदक दिल्ली के खाते में गया। राजस्थान ने पुरुष टीम इवेंट में रजत पदक, जबकि तेलंगाना ने महिला व्यक्तिगत एलिमिनेशन और महिला टीम इवेंट में 2 कांस्य पदक जीते। आंध्रप्रदेश और उत्तरप्रदेश को महिला व्यक्तिगत क्वालिफिकेशन और एलिमिनेशन में 1-1 रजत पदक प्राप्त हुआ।

### शरीर का संतुलन बेहतर करने करें योग

तीरंदाजी का खेल पूरी तरह से एकाग्रता पर आधारित है। ऐसे में खिलाड़ी शरीर के संतुलन को बेहतर करने काफी मेहनत करते हैं। बंगाल से खिलाड़ी जतिन सैकिया ने बताया कि रोजाना 6 साल की उम्र से 4 घंटे योग व ध्यान कर रहा हूं। अभी तक राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 3 गोल्ड हासिल किया है। बताया कि एकाग्रता बढ़ाने नियमित योग ही अंतिम विकल्प है। इस खेल में शारीरिक से ज्यादा मानसिक रूप से स्वस्थ होना बेहद जरूरी होता है। एकेडमी में एकाग्रता को बढ़ाने मानसिक से जुड़े खेल का आयोजन किया जाता है। इससे बड़ी मदद मिलती है। हर 15 दिनों में खिलाड़ियों के लिए शिविर लगाया जाता है, जिसमें अब केवल योग और ध्यान करते हैं। जो खिलाड़ी जितना अपने शरीर के संतुलन को बेहतर बनाएगा, उतना ही उसका खेल बेहतर होता जाएगा।

## सिटी इवेंट

### लोकवाद्य संग्राहक रिखी के साथ अंडमान पहुंचा छत्तीसगढ़ी समूह, बिखरेंगे लोकरंग



**रायपुर।** प्रख्यात लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय व उनका समूह अंडमान निकोबार द्वीप पहुंच गया है। 31 दिसंबर तक होने वाले आईलैंड टूरिज्म फेस्टिवल 2025 में देश भर के कलाकारों के बीच रिखी क्षत्रिय का समूह छत्तीसगढ़ लोकनृत्य व संगीत का जादू जगाएगा। संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा छत्तीसगढ़ शासन रायपुर की ओर से अंडमान निकोबार में होने वाले लोक नृत्य महोत्सव में रिखी क्षत्रिय व उनके समूह को यह अवसर दिया गया गया है। जिसमें रिखी के साथ 16 सदस्यीय दल वहां के अलग-अलग द्वीपों में 31 दिसंबर तक अपनी प्रस्तुति देगा। रिखी क्षत्रिय ने बताया कि इस प्रतिष्ठित समारोह में 10 राज्यों के लोकनृत्य समूहों को आमंत्रित किया गया है। जहां उनका समूह ककसाड़ नृत्य, माड़ी करमा और परब की प्रस्तुति देगा। यह प्रस्तुतियां अंडमान के वंडूर, मरीन, डिगलीपुर एवं आईटीएफ में होंगी। रिखी क्षत्रिय के समूह में कुलदीप सार्वा, प्रदीप ठाकुर, संजीव कुमार, पारस रजक, सुनील, भीमेश सतनामी, वेद प्रकाश, प्रमोद, जय ठाकुर, प्रियंका साहू, लीना ध्रुव, हुलसी ध्रुव, हेमा, चंचल और ओमेश्वरी शामिल हैं।

### महाराजा सूरजमल के बलिदान दिवस पर स्नेह मिलन समारोह आज

**रायपुर।** महाराजा सूरजमल जन कल्याण जाट समाज द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी अध्यक्ष सहीराम जाखड़ की अध्यक्षता में रविवार को हिन्दू हृदय सम्राट महाराजा सूरजमल बलिदान दिवस पर वार्षिक स्नेह मिलन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम समाज के सभी सदस्यों को एक साथ लाने और आपसी मेलजोल बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य सामाजिक सौहार्द बढ़ाना, नए सदस्यों का स्वागत करना और सदस्यों के बीच बेहतर संबंध स्थापित करना है। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि इस कार्यक्रम में सभी सामाजिक लोगों को आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर महाराजा सूरजमल के बलिदान को याद किया जाएगा।






### राम मंदिर अयोध्या में नृत्य स्पर्धा में छात्राओं ने लहराया परचम

संत ज्ञानेश्वर स्कूल की छात्रा अदिति एवं ऐश्वर्या ने जीता प्रथम पुरस्कार

#### प्रतिभागी छात्राओं ने मंच पर जमाया रंग

छात्रा ने श्रीराम वंदना, थाट, आमद, तराना, श्रीराम भजन और तत्कार के प्रकार का प्रदर्शन किया। सात वर्षीय ऐश्वर्या ने कथक में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उप-जूनियर श्रेणी में प्रथम पुरस्कार जीता। स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि संत ज्ञानेश्वर स्कूल की छात्रा अदिति बाघ ने भरतनाट्यम सोलो में प्रस्तुति दी और प्रथम पुरस्कार जीता। अदिति ने इससे पहले आल इण्डिया डांस एसोसिएशन द्वारा आयोजित 10 दिवसीय शास्त्रीय नृत्य एवं सगीत प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। वहीं 18वें नटवर गोपी कृष्ण नेशनल अवार्ड्स में शानदार भरतनाट्यम की प्रस्तुति कर स्पर्धा में तृतीय स्थान प्राप्त किया, वे कक्षा 8वीं की छात्रा हैं। अदिति तीन वर्षों से भरतनाट्यम का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।




**रायपुर।** कृष्णप्रिया कथक केंद्र भिलाई और अवामा राम मंदिर अयोध्या उत्तरप्रदेश की ओर से तीन दिवसीय 'श्री रामार्चन' 9वीं कृष्णप्रिया अंतर्राष्ट्रीय संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन अयोध्या में किया गया। स्पर्धा में महाराष्ट्र मंडल द्वारा संचालित संत ज्ञानेश्वर विद्यालय की छात्रा अदिति बाघ और ऐश्वर्या जोशी ने प्रस्तुति दी। दोनों ही बालिकाओं ने प्रथम पुरस्कार जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। अदिति और ऐश्वर्या को उपलब्धि पर महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले, स्कूल के प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने शुभकामनाएं दीं। ऐश्वर्या जोशी के पिता अखिलेश ने बताया कि 26 दिसंबर को ऐश्वर्या ने कथक उप-जूनियर केटेगरी में अपनी प्रस्तुति दी।

### सरयूपारीण ब्राह्मण सभा का निशुल्क स्वास्थ्य शिविर कल

**रायपुर।** सर्वजन के लिए प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 28 दिसंबर को सरयूपारीण ब्राह्मण सभा द्वारा किया जाएगा। यह शिविर तुलसी भवन, संजय नगर रिंगरोड 1 के पास आयोजित है। समाज के अध्यक्ष डॉ. सुरेश शुक्ला ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। नेत्र रोग, किडनी रोग, लीवर जांच, हड्डी रोग, न्यूरोफिजिशियन, दंत रोग चिकित्सक, ईएनटी विशेषज्ञ, फिजियोथैरेपी, एलोपैथिक, होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक चिकित्सक सेवाएं देंगे। इसमें स्त्रीरोग विशेषज्ञ, शिशुरोग विशेषज्ञ भी शामिल होंगे। इस शिविर में लोगों को निशुल्क सेवा में सहयोग के लिए टीम बनाई गई है।

#### तुलसीदास की पूजा के साथ शुरू होगा शिविर

स्वास्थ्य शिविर में नेत्रों का परीक्षण करके चश्मा वितरण एवं उपलब्ध एलोपैथिक, आयुर्वेदिक दवा का वितरण निशुल्क किया जाएगा। साथ ही पैथोलॉजी जांच, एक्स-रे भी किया जाएगा। योग पद्धति, मर्म चिकित्सक भी उपस्थित होंगे। यह आयोजन सभी लोगों के लिए होगा। सभी समाज के लोग इसका लाभ उठा सकेंगे। शिविर सुबह 10 बजे समाज के कुलपुरुष तुलसीदास का पूजन करके शुरू किया जाएगा। इसमें पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा, उत्तर क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा, सुनील सोनी, राजेश्री महंत डॉ. रामसुंदर दास और जोन अध्यक्ष बद्री गुप्ता, पार्षद प्रमोद साहू, स्वप्निल मिश्रा बतौर विशेष अतिथि शामिल होंगे।

## महंत घासीदास मेमोरियम की आर्ट गैलरी में फोटोग्रॉफी की समझ रखने वाले पारखी लोगों ने देखी प्रकृति की छटा

कार्नर न्यूज

# आर्ट गैलरी : वृत्तांत की कृतियों में सदर की गलियों से लंदन की सड़कों तक चकाचौंध भरे जीवन की झलक





**रायपुर।** वैसे तो महंत घासीदास मेमोरियम की आर्ट गैलरी आए दिन चित्रों से सजती रहती हैं, लेकिन शनिवार को आर्ट गैलरी में वृत्तांत की कृतियां लोगों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। फोटोग्राफी का शौक रखने वाले वृत्तांत गर्ग ने किसी से फोटोग्राफी का प्रशिक्षण तो नहीं लिया, लेकिन उनकी फोटोग्रामी में सदर की गलियों से लेकर लंदन की सड़कों पर चकाचौंध से भरे जीवन की झलक एक ही गैलरी में संजोने का सुन्दर प्रयास किया है। इसमें लहलहाते पेड़ों की सूखी टहनियों से सजी कृतियों को प्रदर्शनी में देखने पहुंच रहे कला प्रेमियों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। वृत्तांत ने बताया कि एकोज ऑफ लाइफ यूनिटी से उभरते फोटोग्राफर्स को जोड़ने और उन्हें नई तकनीक की जगह एक विजन देने के उद्देश्य से एकल फोटोग्राफी की प्रदर्शनी पहली बार गैलरी में सजाई है।



### आज भी दिनभर देख सकेंगे प्रदर्शनी

वृत्तांत ने बताया कि तीन साल की उम्र से फोटोग्राफी के प्रति लगाव बढ़ा। शहर के बदलते स्वरूप और लोगों के जीवन शैली को ही नहीं बल्कि आदिवासी क्षेत्र की कला संस्कृतियों को देखने के साथ ही पढ़ाई के दौरान लंदन की चकाचौध के बीच से कुछ पलों को कैमरे में कैद करके उन्हें प्रदर्शनी का हिस्सा बनाया है। इन तस्वीरों को देखने के लिए शनिवार को पहुंचे लोगों से अच्छा रिस्पांस मिला। रविवार को भी यह फोटोग्राफी प्रदर्शनी देखने को अवसर मिलेगा। गैलरी में पहली बार सजाई गई वृत्तांत फोटोग्राफी प्रदर्शनी में 110 कृतियों को संजोया है।

### आदिवासी जनजीवन की सुंदर कृतियां

प्रदर्शनी में आदिवासी जन जीवन के साथ ही वहां की परंपराओं और लोक नृत्यों की झलक भी देखने को मिल रही है। बैगा कम्युनिटी से जुड़ी कृतियां लोगों को आकर्षित कर रही हैं। प्रदर्शनी को लेकर गर्ग ने बताया कि एक गांव से लेकर शहर में रहने वालों के जीवन से जुड़ी यादों को संजोने का प्रयास किया है। इस तरह का प्रयास अभी तक जीवन में दुनियां को जिस रूप में देखा, जिस संघर्ष को मैने महसुस किया, उसे ही फोटोग्राफी में सहेजने का प्रयास किया है। इसे देखने के लिए आने वाले लोगों द्वारा भी पसंद किया जा रहा है।

**समाज लाइव**

## मत्था टेककर सिख समाज ने साहिबजादों को किया नमन



**रायपुर।** वीर बाल दिवस पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रेलवे स्टेशन स्थित गुरुद्वारा पहुंचकर दशम गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह के छोटे पुत्र साहिबजादा बाबा जोरावर सिंह एवं साहिबजादा बाबा फतेह सिंह की शहादत को नमन करते हुए मत्था टेका। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव से लेकर दशम गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह तक सिख धर्म के सभी गुरुओं एवं परिवारों ने देश, धर्म और मानवता की रक्षा के लिए काम किया और धर्म की रक्षा की खातिर गुरुओं ने शहादत दी। भारतीय इतिहास में सिख वीरों का योगदान अतुलनीय रहा है, जिसने राष्ट्र की अस्मिता और आत्मसम्मान की रक्षा की। श्री साय ने कहा कि अत्यंत अल्प आयु में ही साहिबजादों ने अन्याय, अत्याचार और धर्मांतरण के दबाव के सामने झुकने से इंकार किया। सत्य और धर्म की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया।

### त्याग और राष्ट्रभक्ति से प्रेरणा मिलेगी

मुख्यमंत्री ने सिख समाज को बताया कि आपकी मांग पर राज्य सरकार द्वारा साहिबजादों के बलिदान गाथाओं को शैक्षणिक पाठ्यक्रम एनसीईआरटी में शामिल किया है, जिसे कक्षा तीसरी के पाठ्यक्रम में पढ़ाया जाएगा। इससे आने वाली पीढ़ियों को साहिबजादों के शौर्य, त्याग और राष्ट्रभक्ति से प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, स्काउट गाइड के आयुक्त इंद्रजीत सिंह गोल्डी, गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा, दलजीत चावला सहित सिख समाज के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

**धर्म लाइव**

## वामन अवतार प्रसंग को झांकियों से किया जीवंत



**रायपुर।** वामन अवतार प्रसंग को आकर्षक झांकियों से जहां कलाकारों ने जीवंत स्वरूप देने का प्रयास श्रीमद भागवत कथा के श्रोताओं के बीच किया, वहीं सिद्ध रक्तांबरा पीठ के पीठाधीश्वर पं. राजेश दुबे ने व्यासपीठ से बताया कि भगवान विष्णु के पांचवे अवतार से ही वामन अवतार की कथा जुड़ी है। जब अहंकारी राजा बलि ने देवताओं से स्वर्ग छीनकर तीनों लोकों पर कब्जा कर लिया। तब भगवान विष्णु ने अदिति के गर्भ से वामन का अवतार लिया और राजा बलि से तीन पग भूमि मांगी। आचार्य द्वारा 23 दिसंबर से संगीत के साथ आकर्षक झांकी के साथ कथा प्रसंगों को श्रोताओं के बीच जिवंत कर रहे हैं। सांई नगर जोरा में डॉ. देवेंद्र कुमार और द्रौपदी के आग्रह पर शनिवार को शहर की प्रथम नागरिक और महापौर मीनल चौबे महाराज से आशीष लेते हुए कथा श्रवण के लिए आयोजन स्थल पहुंचीं।

### श्रोताओं के बीच चर्चा में रही जीवंत झांकी

आचार्य ने आगे बताया कि राजा बली के वचनबद्ध होने पर वामन देव पहले पग में पृथ्वी, दूसरे में स्वर्ग को नापते हुए तीसरा पग राजा बलि के सिर पर रखते हुए उसे पाताल लोक भेज दिया। इससे देवताओं को उनका लोक वापस मिला और बली का अहंकार टूट गया। यह कथा हिंदू धर्म में अहंकार पर विजय और भक्ति के महत्व को दर्शाती है। भागवत कथा में आकर्षण का केंद्र श्री कृष्ण जन्मोत्सव की जिवंत झांकी श्रोताओं के बीच चर्चा का विषय रहा इसमें बाल कलाकार भाविका जैन द्वारा श्रीकृष्ण की भूमिका और जबलपुर के जगदीश मांझी द्वारा वासुदेव और हर्ष जैन द्वारा नंद बाबा की भूमिका बखूबी निभाई गई।

**सिटी लाइव**

## छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के शपथ ग्रहण समारोह में कार्यकारिणी का विस्तार



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन का चुनाव मुख्य अतिथि मुख्य चुनाव अधिकारी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता एवं टैक्स सलाहकार प्रेमचंद देवांगन एवं विशिष्ट अतिथि हेमचंद विश्वविधालय के उपकुलपति डॉक्टर भूंपेन्द्र कुलदीप की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रांतीय कार्यकारिणी में प्रांताध्यक्ष मेधनाथ यादव, उपाध्यक्ष संतकुमार केशकर, महामंत्री लखन लाल साहू, कोषाध्यक्ष जीवन सिन्हा, सचिव अशोक कुमार साहू को नियुक्ति पत्र सौंपकर नवनियुक्ति प्रांतीय कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। कार्यकारिणी का विस्तार करते हुये ब्रम्हदेव पटेल को प्रदेश संयोजक, प्रदेश उपाध्यक्ष भोजराम डड़सेना, अनुरूप साहू, धनश्याम कुमार देवांगन, बेनीराम पटेल, आनंद राम सिन्हा, गैंदलाल वर्मा, प्रेम लाल सिन्हा प्रदेश प्रवक्ता, रमेश साहू प्रदेश सलाहकार, डॉक्टर डीपी देशमुख प्रदेश मीडिया प्रभारी, भानु प्रताप यादव प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी सहसचिव, डॉक्टर कृष्ण कुमार पाटिल प्रदेश अध्यक्ष सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रकोष्ठ, सुमन देवांगन प्रदेश संयोजिका, कुमुंद ताम्रकार प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकाष्ठ, शुभ्रकांत ताम्रकार प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, डॉक्टर कल्याण सिंह साहू प्रदेश कार्यालय सचिव, भागवत सोनी प्रदेश संगठन सह सचिव को नियुक्ति पत्र सौंपकर शपथ ग्रहण दिलाई गई।

**इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में दूसरे दिन भी रही सांस्कृतिक युवा महोत्सव की धूम, हर विधा में दिखाया हुनर**

# नृत्य नाटिका और एकल अभिनय से युवाओं ने सजाया मड़ई मेला, गीत-संगीत से जमाया रंग

'कृषि छात्र-छात्राओं के उत्साह से सजे सांस्कृतिक युवा महोत्स मड़ई मेला के मंच पर नृत्य नाटिका और एकल अभिनय से युवाओं ने गीत-संगीत का माहौल दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों को दिया। नाटक के माध्यम से जहां सामाजिक कुरीतियों के चलते होने वाले नुकसान को दिखाने का प्रयास किया तो वहीं ड्राइंग और पेंटिंग के जरिए अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का सुंदर प्रयास किया। इंदिरा गांधी कृषि विश्वद्यालय परिसर में अलग-अलग जगह जारी आयोजन में कृषि विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रतिभा की झलक देखने लोग पहुंच रहे हैं। जहां एक नृत्य, गायन और अभिनय की मनमोहक प्रस्तुति देते हुए प्रतिभागियों ने वाहवाही लूटने के साथ निर्णायकों को भी प्रभावित किया।'





### मड़ई में दिनभर रहेगी गीत-संगीत की धूम

आयोजन की श्रृंखला में सुबह मूक अभिनय, भाषण, लघु नाटिका, वाद-विवाद, रंगोली, पोस्टर मेकिंग, क्ले मॉडलिंग, डिजिटल फोटोग्राफी, एकांकी, देशभक्ति गीत गायन, पश्चिमी एकल गीत गायन प्रतियोगिताओं का सिलसिला चला। दोपहर 3 बजे से लघु नाटिका के माध्यम से प्रतिभागियों ने नारी की पीड़ा, समाज में बढ़ती तकरार, नारी सशक्तिकरण के साथ ही वाद-विवाद, मेहंदी प्रतियोगिताओं में भी खुद की प्रतिभा को साबित करने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए प्रतिभागियों को अलग-अलग ग्रुप में बांटकर प्रस्तुति से जोड़ने की पहल जारी रहेगी।

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक युवा महोत्सव मड़ई मेला के दूसरे दिन विभिन्न कृषि कॉलेजों से आए प्रतिभागियों ने एकल अभिनय, मिमिक्री, क्विज, तात्कालिक भाषण, भाषण, ऑन दी स्पॉट पेंटिंग, कोलाज मेकिंग, कार्टूनिंग के रूप में भी अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। एकांकी नाटक, समूह गायन, लोक एवं आदिवासी नृत्य प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में सैकड़ों प्रतिभागियों ने अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन मंचीय प्रस्तुतियों में किया। युवा कलाकारों ने एकांकी नाटक के तहत विभिन्न समसामयिक मुद्दों जैसे पर्यावरण संरक्षण,







प्रौद्योगिकी विकास, नारी सशक्तिकरण, स्वतंत्रता संग्राम, सामाजिक असमानता एवं पौराणिक विषयों पर प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी कला एवं प्रतिभा का प्रदर्शन किया और दर्शकों की वाहवाही बटोरी। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने युवाओं को महोत्सव से जोड़ने के लिए जिम्मेदारी तय की है।

### लोकगीतों पर समूह नृत्यों की बेजोड़ प्रस्तुति

मड़ई महोत्सव की कड़ी में समूह नृत्यों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोह लिया। प्रतिभागियों ने अपने ग्रुप को विजेता बनाने के लिए पारंपरिक लोकगीतों पर समूह नृत्यों की श्रृंखला सजाई। किसी ने आदिवासी पहनावे में तो किसी ने राजस्थानी और पंजाबी परिधान में मंच पर समूह नृत्य पेश किया। मिमिक्री, क्विज, तात्कालिक भाषण, पेंटिंग, कोलाज मेकिंग, कार्टूनिंग मेकिंग के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपने भावों को प्रस्तुत किया। कैनवास पर उकेरे गए उनके विविध रंगों से सजी कृतियों का मूल्यांकन करने के लिए निर्णायकों की पैनी नजर रही।


### सभी प्रतिभागियों के लिए किया गया इंतजाम

सभी प्रतिभागियों को सुबह से शाम तक होने वाली प्रतियोगिताओं से जोड़ने के लिए अधिष्ठाता डॉ. संजय शर्मा, आयोजन के सचिव डॉ. सुनील नाग, प्रतियोगिताओं के प्रभारी, निर्णायक और टीम मैनेजर्स के मार्गदर्शन में युवाओं के लिए भोजन का इंतजाम अलग-अलग किया है, ताकि अव्यवस्था की स्थिति न बनने पाए। इसके लिए तीन जगह आयोजन किए जा रहे हैं। जहां सभी टीम मैनेजर्स तालमेल बनाकर निर्धारित समय में युवाओं को प्रस्तुति का अवसर देने में सहयोग कर रहे हैं। इस तरह की व्यवस्था दो सांस्कृतिक मंच और एक डोम में किया गया है। जहां विधा और प्रस्तुति के लिहाज से उन्हें सुविधा दी जा रही है।

## अय्यप्पा मंदिर की पवित्र सीढ़ियों का व्रतधारियों ने किया आरोहण

**रायपुर।** शहर के टाटीबंध स्थित शनिश्चर श्री अय्यप्पा मंदिर में मंडल पूजा उत्सव के चलते शनिवार को सुबह से ही भक्तिमय माहौल बना। पूजा की थालियों और दीपों की श्रृंखला सजाते हुए महिलाओं ने पूजा उत्सव नियम का पालन किया। पवित्र सीढ़ियों का आरोहण करने वाले 60 व्रतधारियों की आस्था देखने लायक थी। अय्यप्पा सेवा संघम के अध्यक्ष गोपाल एवं उनके सहयोगियों की सहभागिता से इस साल भी उत्सव में सैकड़ों भक्त परिवार शामिल हुए। केआर नायर ने बताया कि सुबह 8 बजे टाटीबंध स्थित शिव मंदिर में की गई व्यवस्था के तहत पूजा नियम शुरू किया गया। मंदिर की पवित्र अट्ठारह सीढ़ियों का व्रतधारियों ने भक्तिभाव से आरोहण किया। इससे पहले शिव मंदिर में सुबह 6.30 बजे पूजा के बाद केट्टुनिरा का नियम किया गया। इसके बाद 8 बजे पल्लीकेट्टु के साथ सभी भक्त श्री अय्यप्पा मंदिर तक शोभायात्रा के रूप में पहुंचे।





### सुबह से शाम तक जारी रहा पूजा उत्सव

*इस शोभायात्रा में सैकड़ों की तादाद में भक्त महिलाओं ने शामिल होकर उत्सव को भक्तिमय बनाया। मंडल पूजा अनुष्ठानों के तहत प्रभात फेरी के बाद निर्माल्य दर्शन, अभिषेकम, गणपति होम, उषा पूजा और भागवत पारायणम किया गया। सुबह 8.30 बजे भक्तजन पल्लिकेट्टु सहित पवित्र सीढ़ियों का आरोहण करने के लिए आगे बढ़े। घी अभिषेकम, मध्यान्ह पूजा का नियम विधि-विधान से किया। शाम 6.30 बजे दीपाराधना एवं 7 से 9 बजे तक भजन का आयोजन किया गया। रात 8.15 बजे से भोग पूजा के बाद प्रसाद वितरण, अन्नदानम का आयोजन किया गया। शनीश्वर भगवान श्री अय्यप्पा स्वामी का मुख्य मंदिर केरल के शबरीश्रृंग पर स्थित है, उनकी आस्था से जुड़े भक्तों ने शनिवार को पूजा उत्सव का आयोजन किया।*

## गायत्री महायज्ञ : महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर निकाली शोभायात्रा

**रायपुर।** बिरगांव निगम क्षेत्र में शासकीय नंदकुमार पटेल कॉलेज परिसर में विगत कई दिनों से अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के मार्गदर्शन में गायत्री परिवार रायपुर के परिजनों द्वारा चार दिवसीय 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारी चल रही थी। वहीं 27 से 30 दिसंबर तक आयोजित राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की शुरुआत भक्तिमय माहौल में की गई। 1008 महिलाओं द्वारा सिर पर कलश धारण करके भव्य मंगल यात्रा निकाली गई। रायपुर गायत्री शक्ति पीठ एवं सभी महिला मंडल, प्रज्ञा मंडल के नेतृत्व में महिलाएं पीले परिधान में यज्ञस्थल पर एकत्र हुईं। वहां से दोपहर के बाद बैंड-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। कशल यात्रा बिरगांव मुख्य मार्ग, हर्षित विहार कॉलोनी, व्यास तालाब, बुधवारी बाजार होते हुए शीतला तालाब पहुंची। जहां वरुण देव का पूजन किया। पद्मावती साहू ने मुख्य कलश को शिरोधार्य किया। उनके पीछे बाकि महिलाएं जल से भरे हुए कलश को सिर पर धारण कर इतवारी बाजार से मठपारा होते हुए यज्ञशाला पहुंचीं।



### अपने समय और प्रतिभा का नियोजन करें

प्रज्ञा गीत गायन के साथ कलश यात्रा में महिलाएं थिरकतीं हुए नजर आईं। साथ ही नारी जनजागरण व कन्या भ्रूण हत्या विरोधी नारे भी लगाए जा रहे थे। करीब दो किमी. लंबा सफर तय करने के बाद शोभायात्रा का समापन यज्ञशाला में किया गया। वहीं शांतिकुंज हरिद्वार से आई टोली के नायक आचार्य प्रमोद बारचे के साथ ऋषिपुत्र जयसिंह राजपूत, शिवम एवं श्याम लाल ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलशों के स्थापना का विधान कराया। आचार्य श्री बारचे ने देव मंच से कहा कि आने वाला समय नारी युग का होगा। भारतीय संस्कृति को विश्व संस्कृति बनाने के लिए हमारी नारी शक्ति आगे आए और अपने समय तथा प्रतिभा का नियोजन करे।

### वेदी पूजन और यज्ञ में शामिल होंगे लोग

आगे बताया कि नारी शक्ति के माध्यम से परिवार में संस्कारों की स्थापना हो सकती है। परिवार, समाज तथा देश का नवनिर्माण संभव है। यज्ञ के संयोजक शंकर लाल साहू एवं जिला समन्वयक लच्छूराम निषाद और प्रज्ञा प्रकाश निगम ने बताया कि महायज्ञ देव स्थापना एवं वेदी पूजन रविवार सुबह से शुरू होगा। आगामी दिनों में गायत्री मंत्र, महामृत्युजय मंत्र एवं वेद मंत्रों के साथ हवन में आहुतियां दी जाएंगी। हर कुंड पर तीन -तीन जोड़े और एक-एक साधक बैठेंगे। यज्ञ के दौरान सभी प्रकार के संस्कार निशुल्क किए जाएंगे। इसके लिए पूर्व पंजीयन अनिवार्य किया गया है।

**इंडोर स्टेडियम में शिविर के तीसरे दिन पॉवर ऑफ हीलिंग मेडिटेशन विषय पर कार्यक्रम**

# बुरे दौर का सामना करने वाले ही जीवन में सफल होते हैं परिस्थितियों से विचलित न हों, चुनौती समझकर स्वीकार करें

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** इंटरनेशनल माइण्ड व मेमोरी मैनेजमेंट ट्रेनर ब्रह्माकुमार शक्तिराज सिंह ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों से कभी विचलित नहीं होना चाहिए। परिस्थितियों को चुनौती समझकर स्वीकार करें। जो लोग चुनौतियों का सामना करते हैं, वही जीवन में सफल होकर समाज के आगे लीडर बनकर सामने आते हैं। ब्रह्माकुमार शक्तिराज सिंह प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा इंडोर स्टेडियम में आयोजित शिविर के तीसरे दिन पॉवर ऑफ हीलिंग मेडिटेशन विषय पर बोल रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि जो लोग परिस्थितियों के आगे हारकर सरेण्डर हो जाते हैं, वे जीवन में असफल हो जाते हैं। आगे नहीं बढ़ पाते। उन्होंने सचिन तेंदुलकर, अमिताभ बच्चन, धीरूभाई अम्बानी आदि का उदाहरण देते हुए बताया कि ये लोग परिस्थितियों से विचलित होने के बजाय उनका सामना करते हुए आगे बढ़े और अपने-अपने क्षेत्र में सफल रहे। यदि हार मानकर बैठ जाते तो कोई उन्हें जानता भी नहीं। मान लो तो हार है, ठान लो तो जीत है।



### आत्मबल बढ़ाने के लिए सदैव अपने को लीडर समझो

मनुष्य अपनी अंतर्चेतना का सिर्फ दो प्रतिशत हिस्सा ही उपयोग कर पाता है। शेष हिस्सा बिना उपयोग के वैसे ही रह जाता है। आत्मबल बढ़ाने के लिए सदैव यह सोचो कि मैं ऊर्जावान हूँ, मैं सफल हूं ही। अपने को हीरो अथवा लीडर समझें। उन्होंने आगे कहा कि खुशी, चिंता और तनाव आदि मन से संबंधित हैं। इसलिए उसका इलाज भी हमें अपने अंदर यानी मन में ही ढूंढना होगा। हम लोग बाहरी भौतिक सुख-साधनों और वैभवों में आदि में उसे पाने का प्रयास करते हैं, जो कि गलत है। बाहरी वस्तुओं से क्षणिक सुख-शांति मिल सकती है, किन्तु स्थायी खुशी हमें राजयोग मेडिटेशन से ही मिलेगी।

### शरीर से अलग दिव्य अनुभव कराया



कार्यक्रम की मुख्य विशेषता यह रही कि ब्रह्माकुमार शक्तिराज सिंह ने सभी को बचपन से लेकर मुत्यु तक की अवस्था का प्रभावशाली ढंग से कमेंट्री द्वारा चित्रण कर शरीर से अलग स्थिति का दिव्य अनुभव कराया। इसमें उन्होंने मुत्यु के पश्चात शरीर को छोड़कर परमात्मा के पास जाने और वहां पर हमारे कर्मों का कैसे हिसाब-किताब होता है? और उस समय के अनुभव को रियलाइज कराया। इस प्रकार का अनुभव सभी के लिए अद्भुत था। शिविरार्थियों ने मन ही मन अपनी गल्तियों के लिए माफी मांगी तथा दूसरों को उनकी गल्तियों के लिए माफ किया और आगे से सदा श्रेष्ठ कर्म करने का संकल्प लिया। इस प्रकार नए जन्म का मोमबत्ती जलाकर उत्सव मनाया गया। उन्होंने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए सभी को इक्कीस दिनों तक राजयोग मेडिटेशन करने का चैलेंज दिया, जिसे सबने स्वीकार कर सेवाकेंद्र में आकर मेडिटेशन करने का वादा किया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### राज्य स्तरीय सब-जूनियर रग्बी सेवंस चैंपियनशिप आज



रायपुर। छत्तीसगढ़ रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा 8वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सब-जूनियर (बालक एवं बालिका) रग्बी सेवंस चैंपियनशिप 2025 का आयोजन 28 दिसंबर को सुबह 9 बजे से पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के मैदान में किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों से बालक एवं बालिका वर्ग की लगभग 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। बालिका वर्ग के प्रतिभागी जिलों में बालोद, रायगढ़, रायपुर, दुर्ग, महासमुंद, जांजगीर-चांपा, बिलासपुर, कोरबा व धमतरी हैं। इसी क्रम में बालक वर्ग के प्रतिभागी जिलों में बालोद, रायगढ़, रायपुर, दुर्ग, महासमुंद, कोरबा व बिलासपुर शामिल हैं।

### इंटर यूनिवर्सिटी नार्थ ईस्ट जोन वेटलिफ्टिंग में टोमन ने जीता रजत



रायपुर। पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ में चल रही इंटर यूनिवर्सिटी नार्थ ईस्ट जोन वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता 2025 में पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय की ओर से टोमन भारती ने पुरुषों के 65 किलोग्राम वजन वर्ग की प्रतियोगिता में 110 किग्रा स्नैच, 142 किग्रा क्लीन एंड जर्क कुल 252 किग्रा वजन उठाकर रजत पदक जीता। टोमन भारती महंत लक्ष्मी नारायण दास कॉलेज रायपुर में बी ए तृतीय सेमेस्टर के छात्र है। टोमन वेटलिफ्टिंग का अपना नियमित अभ्यास जय सतनाम व्यायाम शाला गुढ़ियारी में अंतर्राष्ट्रीय वेटलिफ्टर रुस्तम सारंग एवं अजय दीप सारंग के मार्गदर्शन में करते है। टोमन की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल, डॉ. रीता वेणु गोपाल, निदेशक शारीरिक शिक्षण डॉ. राजीव चौधरी, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण डॉ. सी. डी. आगासे, शारीरिक शिक्षा अध्ययनशाला ने शुभकामनाएं दी है।

### अन्तर महाविद्यालयीन टेनिस में हुए रोमांचक मुकाबले



रायपुर। गुरुकुल महिला महाविद्यालय में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के तत्वाधान मे टेनिस प्रतियोगिता वी आई वी क्लब में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता मे मुख्य अतिथि खेल समन्वयक रूपेन्द्र सिंह चौहान, सहायक संचालक क्रीडा संजय शुक्ला, प्यारेलाल साहू, डॉ कर्मिष्ठ शंभरकर, मनोज प्रधान, आदिल अहमद, डॉ प्रेम शंकर उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के माध्यम से पंडित रविशंकर शुक्ल विश्विद्यालय के टेनिस महिला पुरुष दल का चयन किया गया. जिसमे चयनित छात्र यशार्थ चड्डा, लुकेश नेताम, मोनेश यादव, जस्वेद शर्मा, पीयूष सिंह, छात्रा वर्ग में उर्वशी बंजारे, मेघा बंजारे, त्रिवेणी सोनकर, जितेश्वरी साहू का चयन पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जो किट यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर मे आयोजित है। प्रतियोगिता का सफल आयोजन एवं संचालन आयोजक सचिव डॉ रिंकू पांडेय ने किया।

### मोहल्ला क्रिकेट टूर्नामेंट शुरु



भिलाई। स्वर्गीय विद्या रत्न भसीन स्मृति मोहल्ला क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरुआत महिला क्रिकेट मैच से हुई। उद्घाटन मुकाबला भिलाई ब्लास्ट महिला टीम और रॉयल चेस महिला टीम के बीच खेला गया। रॉयल चेस ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया।

आयोजन समिति के सदस्य ललित मोहन ने बताया कि भिलाई ब्लास्ट की ओर से रविश कुकरेजा ने 38 रन और पलक कोटवानी ने 14 रन बनाए। टीम ने 7 ओवर में 84 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल चेस की टीम 70 रन ही बना पाई और भिलाई ब्लास्ट महिला टीम ने मैच जीत लिया। पहला पुरुष वर्ग का मुकाबला वार्ड 1 जुनवानी और वार्ड 18 कांट्रैक्टर कॉलोनी के बीच खेला गया। वार्ड 1 ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी और कमल के 19 व स्वाधीश के 10 रनों की बदौलत 8 ओवर में 64 रन बनाए। जवाब में वार्ड 18 ने सचिन के 24 और अमन के 14 रनों की मदद से 6 ओवर में ही मैच छह विकेट से जीत लिया। वार्ड 18 के सौरभ ने टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक अपने नाम की।

सर्दी के मौसम में अपने बच्चों पर दें खास ध्यान

# सर्दियों का ये मौसम कहीं आपके बच्चे को न कर दे बीमार, डॉक्टर से जानिए कैसे रखें सेहत का ख्याल

सर्दी का समय बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता पर असर डाल सकती है। इस मौसम में उनके बीमार पड़ने का खतरा भी बढ़ जाता है। इस मौसम में सेहत का ख्याल कैसे रखें, आइए जानते हैं।

सर्दियों का ये मौसम सेहत के लिए कई प्रकार से चुनौतीपूर्ण माना जाता है। इस दौरान बरती गई जरा सी भी लापरवाही आपको बीमार कर सकती है, यही कारण है कि विशेषज्ञ सभी लोगों को अपने स्वास्थ्य को लेकर विशेष सावधानी बरतते रहने की सलाह देते हैं। प्रतिकूल माहौल में अपने स्वास्थ्य के लिए और भी सतर्कता बरतना जरूरी है क्योंकि इस दौरान कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों की सेहत खराब हो सकती है। सर्दियों का ये मौसम बच्चों के लिए भी काफी समस्याकारक हो सकता है।

सर्दी का समय बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता पर असर डाल सकती है। इस मौसम में उनके बीमार पड़ने का खतरा भी बढ़ जाता है, इसलिए सभी माता-पिता सुनिश्चित करें कि बच्चों को ठंड न लगने पाए और इम्युनिटी सिस्टम कमजोर न होने पाए।



### सर्दियों में बच्चों की सेहत हो सकती है खराब

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सर्दी में बच्चों का बार-बार बीमार पड़ना आम समस्या है। बच्चों के शरीर को मौसम के अनुकूल होने में समय लगता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने से उन्हें सर्दी, खांसी, बुखार, फ्लू और अन्य संक्रमण होने की आशंका बढ़ जाती है। इसके अलावा सर्दी के दिनों में वायरस और बैक्टीरिया ज्यादा सक्रिय होते हैं।

सर्द हवा से गले और नाक की श्लेष्मा झिल्ली शुष्क हो जाती है, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। ये सभी स्थितियां सेहत के लिए कई प्रकार से नुकसानदायक हो सकती हैं।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?



वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रिया जादौन कहती हैं, सर्दियों का समय बच्चों के लिए बेहद संवेदनशील होता है। तेज बुखार, पसली चलना, बच्चे का खाना-पीना छूट जाना जैसे लक्षण दिखें तो फौरन चिकित्सक को दिखाएं। ये खतरनाक हो सकते हैं। इसके अलावा इस मौसम में बच्चों में कई प्रकार के श्वसन संक्रमण होने का खतरा भी बढ़ जाता है। इन जोखिमों को ध्यान रखते हुए सभी माता-पिता सुनिश्चित करें कि बच्चों ठंड से बचे रहें।

### बच्चों के खान-पान रखें पौष्टिक

सर्दियों में होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं के लिए इम्युनिटी में कमजोरी को प्रमुख कारण माना जाता रहा है। इससे बचने के लिए भोजन में विटामिन-सी युक्त फल और सूखे मेवे शामिल करें। अदरक, शहद और तुलसी जैसे प्राकृतिक इम्यूनिटी बूस्टर्स का सेवन कराएं। हल्दी वाला दूध, वेजिटेबल सूप सर्दियों में बहुत फायदेमंद होते हैं।



गुनगुना पानी पिलाएं। इससे गला साफ रहेगा और पाचन तंत्र भी ठीक रहता है। धूप निकलने पर बाहर बैठने को कहें। इससे विटामिन-डी मिलती है और इम्यूनिटी मजबूत होगी।

### इन बातों का भी रखें ध्यान

खान-पान का ध्यान रखने के अलावा बच्चों को थोड़ा-बहुत खेलने के लिए प्रेरित करें, हालांकि इस दौरान उन्हें गर्म कपड़े पहनाएं जिससे सर्दी से बचाव किया जा सके। सर्दी से बचने और इम्यूनिटी बढ़ाने के घरेलू उपाय करें। फिर भी बच्चा बीमार रहता है तो हर साल फ्लू वैक्सीन लगवाएं, जिससे वायरल संक्रमण का खतरा कम हो। अगर बच्चा बार-बार बीमार हो जाता है तो इसके कारणों का पता लगाने के लिए किसी विशेषज्ञ की सहायता जरूर लें।

# सर्दियों में किस टेंपरेचर पर रखना चाहिए फ्रिज, जानें जरूरी हैक्स

रेफ्रिजरेटर में सेटिंग के बटन तो आपने भी देखे होंगे। हर मौसम के लिए फ्रिज की सेटिंग चेंज की जाती है। सर्दियों में भी इसका खास ध्यान रखना चाहिए। आइए इस आर्टिकल में फ्रिज के सही टेंपरेचर के बारे में जानें। रेफ्रिजरेटर हर घर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो हमारे खाने-पीने की चीजों को सुरक्षित और ताजा बनाए रखता है। सर्दियों में बाहर का तापमान ठंडा होता है, जिससे फ्रिज के अंदर का टेंपरेचर भी प्रभावित हो सकता है। ऐसे में सही तापमान सेट करना न केवल खाने की गुणवत्ता बनाए रखता है, बल्कि बिजली की बचत भी करता है। आइए जानते हैं कि सर्दियों में फ्रिज का टेंपरेचर क्या होना चाहिए और इससे जुड़े कुछ आसान हैक्स। सर्दियों में फ्रिज का बढ़िया तापमान 1C से 4C (33F से 39F) के बीच होना चाहिए। यह तापमान भोजन को खराब होने से बचाता है और फ्रिज को सही तरीके से काम करने में मदद करता है। वहीं, फ्रीजर का तापमान -18C (0F) पर सेट करना चाहिए ताकि जमे हुए खाद्य पदार्थ खराब न हों।

### थर्मोमीटर का उपयोग करें:

फ्रिज और फ्रीजर के अंदर का सही तापमान मापने के लिए थर्मोमीटर का इस्तेमाल करें। यह सुनिश्चित करेगा कि आपका रेफ्रिजरेटर सही तरीके से काम कर रहा है।

### थर्मोस्टेट को एडजस्ट करें:

सर्दियों में बाहर का तापमान ठंडा होने के कारण



फ्रिज के अंदर का तापमान भी तेजी से ठंडा हो सकता है। ऐसे में फ्रिज के थर्मोस्टेट को थोड़ा कम तापमान पर सेट करना जरूरी है। यह ठंडे वातावरण में फ्रिज को ओवरकूलिंग से बचाने में मदद करता है, जिससे खाद्य पदार्थ सही तापमान पर ताजा और सेफ रहते हैं। इसके अलावा, सही सेटिंग से बिजली की खपत भी कम होती है।

### विंटर मोड का उपयोग करें:

अगर आपके फ्रिज में ₹विंटर मोड₹ या ₹लो एंबिएंट टेम्परेचर₹ का फीचर है, तो इसे सर्दियों में जरूर ऑन करें। यह फीचर विशेष रूप से ठंडे मौसम के लिए डिजाइन किया गया है और फ्रिज को बाहर के कम तापमान में भी सही तरीके से काम करने में मदद करता है। ₹विंटर मोड₹ चालू करने से फ्रिज के अंदर का तापमान स्थिर रहता है, जिससे खाद्य पदार्थ लंबे समय तक ताजा रहते हैं। यह फीचर ऊर्जा की खपत को भी नियंत्रित करता है, जिससे बिजली की बचत होती है।

# क्या खरमास में नए कपड़े पहन सकते हैं?



आप में से बहुत से लोग इस बात को लेकर दुविधा में होंगे कि क्या खरमास में नए कपड़े पहनने चाहिए या नए वस्त्र धारण करने से बचना चाहिए। आइये जानते हैं इस बारे में। हिन्दू धर्म में खरमास का बहुत महत्व माना जाता है। खरमास में कई कामों को करने की मनाही होती है जैसे कि मांगलिक कार्य, गृह प्रवेश, मुंडन आदि लेकिन कुछ कार्यों को करने या न करने के मध्य में लोग असमंजस में पड़ जाते हैं। ठीक ऐसे ही आप में से बहुत से लोग इस बात को लेकर दुविधा में होंगे कि क्या खरमास में नए कपड़े पहनने चाहिए या नए वस्त्र धारण करने से बचना चाहिए। आइये जानते हैं इस बारे में ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स से विस्तार से।

### खरमास में नए कपड़े पहनने से क्या होता है?

खरमास को खरीदारी के लिए अशुभ माना जाता है। ऐसे में नए कपड़े खरीदना और पहनना दोनों ही गलत है। वहीं, जिन लोगों ने खरमास से पहले नए कपड़े खरीदे होते हैं वह इस अवधि में उन कपड़ों को पहन लेते हैं या फिर पहनना चाहते हैं, तो बता दें कि यह भी पूरी तरह से गलत ही है। खरमास में सूर्य देव धनु राशि में प्रवेश करते हैं जिससे सूर्य की गति धीमी हो जाती है। सूर्य की चाल में अंतर आने पर न सिर्फ सूर्य ग्रह की दिशा और दशा में परिवर्तन होता है बल्कि अन्य ग्रह भी कमजोर पड़ जाते हैं। ऐसे में सप्त ग्रहों का प्रभाव अशुभ रूप धारण कर इस माह में दिखता है। वहीं, अन्य दो ग्रह यानी कि पाप ग्रह राहु और केतु प्रबल हो जाते हैं और इनका दुष्प्रभाव भी नजर आने लगता है। एस एमें नए वस्त्र धारण करना अनुचित और हानिकारक सिद्ध हो सकता है।



# नए साल में शादीशुदा जीवन में आएंगी दोगुनी खुशियां, पार्टनर से करें वादे

शादीशुदा जीवन में विवाद चल रहा हो, पार्टनर से अक्सर लड़ाई झगड़े होते हों या फिर शादीशुदा जीवन में खुशियों को दोगुना करना हो, पार्टनर के साथ कुछ खास वादे नए साल की शुरुआत में ही कर लें। ये वादे आपके रिश्ते में प्यार, भरोसे और सम्मान को मजबूत बनाएं।

नया साल उम्मीदों का साल होता है। हर कोई उम्मीद करता है कि आने वाला साल खुशियां लाएगा और उन्नति के मार्ग खोलेगा। इसके लिए लोग भी नए साल में ज्यादा मेहनत करने, बेहतर स्वास्थ्य, सफल करियर और खुशहाल जीवन के लिए प्रयास करने का संकल्प करते हैं। नए साल की शुरुआत में लोग कुछ संकल्प लेते हैं जो उन्हें अपने लक्ष्य को पाने के लिए प्रेरित करते हैं। हालांकि नया साल सिर्फ संकल्पों का नहीं, बल्कि रिश्तों को और मजबूत करने का समय होता है। किसी भी व्यक्ति के जीवन में खुशहाली तब ही संभव है जो उनके रिश्तों या पारिवारिक जीवन में प्यार व विश्वास बना रहें। शादीशुदा जीवन में तो प्यार व विश्वास को बनाए रखना अधिक जरूरी होता है, जिसके लिए दोनों पार्टनर को कुछ प्रयास करने होते हैं। शादीशुदा जीवन में विवाद चल रहा हो, पार्टनर से अक्सर लड़ाई झगड़े होते हों या फिर शादीशुदा जीवन में खुशियों को दोगुना करना हो, पार्टनर के साथ कुछ खास वादे नए साल की शुरुआत में ही कर लें। ये वादे आपके रिश्ते में प्यार, भरोसे और सम्मान को मजबूत बनाएं।

### एक-दूसरे को समय देने का वादा

भागदौड़ भरी जिंदगी में अक्सर कपल्स एक-दूसरे के लिए



समय निकालना भूल जाते हैं। वह इतना व्यस्त हो जाते हैं कि पार्टनर के साथ पर्याप्त समय नहीं बिताते। जिससे उनके बीच संवाद की कमी होती है और आपका साथी रिश्ते में अकेलापन महसूस करने लगता है। 2025 में रिश्ते को मजबूत और खुशहाल बनाना चाहते हैं तो एक-दूसरे से वादा करें कि चाहे आप कितना भी व्यस्त क्यों न हों, हर दिन कम से कम 30 मिनट एक-दूसरे के साथ बिताएंगे। ये यम सिर्फ आपके पार्टनर का होगा। इस दौरान मोबाइल, टीवी या दफ्तर की टेंशन को दूर रखेंगे। अब चाहे वो सुबह की चाय हो या रात की सैर, साथ में बिताया गया ये समय रिश्ते में ताजगी ला सकता है।

### संवाद और समझ बढ़ाने का वादा

जब रिश्ते में छोटी-छोटी गलतफहमियां बड़ी होने लगती हैं तो कपल के बीच मनमुटाव होने लगते हैं। दो लोगों के बीच गलतफहमी होने का कारण होता है कि संवाद की कमी और भावनाओं को अपने पार्टनर से छुपाना। ऐसे में सामने वाला साथी समझ ही नहीं पाता कि आप क्या चाहते हैं और वह गलतफहमी का शिकार हो जाता है। कई बार पार्टनर की भावनाओं को नजरअंदाज करने से भी गलतफहमी बढ़ जाती है। नए साल में यह वादा करें कि आप एक दूसरे की भावनाओं को खुलकर समझेंगे और अपने दिल की बात बिना किसी झिझक के साझा करेंगे। साथ ही ये भी वादा करें कि आप साथी की बात भी ध्यान से सुनेंगे और हर समस्या का मिलकर हल निकालेंगे। पार्टनर की कही गई बातों को शिकायत न समझकर परेशानी समझेंगे ताकि उसे मिलकर सुलझा सकें। खुलकर बात करना किसी भी रिश्ते की नींव को मजबूत करता है।























# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### मार्वल की 2026 में 'एंडगेम' फिर रचेगी इतिहास, दो नई मेगा फिल्मों के बीच होगी री-रिलीज



मार्वल यूनिवर्स की ओर से अगले साल बड़ा धमाल होने जा रहा है। साल 2026 में मार्वल की तीन बड़ी फिल्में रिलीज हो रही हैं। मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स एक बार फिर दुनिया भर के दर्शकों को रोमांच से भरने की तैयारी कर चुकी है। सुपरहीरो फिल्मों की दुनिया में अपनी अद्वितीय पहचान बना चुकी अवेंजर्स एंडगेम अब 2026 में दोबारा थिएटरों में वापसी करने जा रही है। जी हां, मार्वल अपने गोल्डन एरा को फिर से जीवंत करने के इरादे के साथ उतरा है और 2026 को सुपरहीरो कहानियों का सबसे बड़ा साल बनाने की रणनीति तैयार हो चुकी है।

मार्वल ने आधिकारिक घोषणा करते हुए बताया है कि अवेंजर्सः एंडगेम की री-रिलीज 25 सितंबर 2026 को की जाएगी। 2019 में रिलीज हुई यह फिल्म विश्वभर में करोड़ों फैंस से जुड़ी है। अपनी दिल दहला देने वाली कहानी, सुपरहीरो टीमअप और इमोशनल पडावों के कारण एंडगेम को काफी पसंद किया गया था। री-रिलीज के पीछे मार्वल का उद्देश्य न केवल नए दर्शकों को इस क्लासिक फिल्म से जोड़ना है, बल्कि पुराने फैंस को भी वह एहसास दोबारा देने का है, जिसने 2019 में सिनेमाघरों को हाउसफुल कर दिया था। मार्वल का 2026 का कैलेंडर इस बात का प्रमाण है कि मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स एक नए सुपरहीरो युग की शुरुआत करने वाला है। जुलाई से दिसंबर तक के तीन महीनों में तीन बड़ी रिलीज दर्शकों के सामने होंगी- स्पाइडरमैनः ब्रैंड न्यूज डे अगले साल 31 जुलाई को रिलीज होगी। अवेंजर्स एंडगेम 25 सितंबर को रि-रिलीज हो रही है।

## टॉलीवुड

### सोशल मीडिया पर मदद करने के चक्कर में फंस गए संगीतकार प्रकाश



साउथ सिनेमा के जाने-माने संगीतकार और अभिनेता जीवी प्रकाश कुमार इन दिनों अपने किसी नए प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि एक चौंकाने वाली ऑनलाइन ठगी की वजह से सुर्खियों में हैं। आमतौर पर जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आने वाले जीवी प्रकाश की दरियादिली का इस बार गलत फायदा उठाया गया। एक फर्जी अकाउंट ने भावनात्मक कहानी और झूठी तस्वीर के सहारे उनसे 20 हजार रुपये ऐंठ लिए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यूजर ने एक महिला की तस्वीर शेयर करते हुए दावा किया कि उसकी मां का हाल ही में निधन हो गया है और अंतिम संस्कार के लिए उसे पैसों की सख्त जरूरत है। इस पोस्ट में जीवी प्रकाश कुमार को टैग किया गया, ताकि उनकी नजर इस अपील पर पड़े। संवेदनशील स्वभाव और मदद की भावना से प्रेरित होकर जीवी प्रकाश ने बिना ज्यादा जांच-पड़ताल किए उस अकाउंट को 20 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए।

कुछ ही देर बाद सोशल मीडिया यूजर्स ने इस दावे पर सवाल उठाने शुरू कर दिए। कई लोगों ने जांच कर पाया कि जिस तस्वीर को मृत महिला की बताया जा रहा था, वह दरअसल इंटरनेट से ली गई एक पुरानी फोटो थी। जब यह बात जीवी प्रकाश तक पहुंची, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। बताया गया कि पैसे मिलने के बाद संबंधित अकाउंट ने कॉल और मैसेज का जवाब देना भी बंद कर दिया। जैसे ही यह मामला सामने आया, जीवी प्रकाश के फैंस ने नाराजगी जाहिर की। लोगों ने कहा कि उनकी अच्छाई और मदद करने की आदत को इस तरह लूट का जरिया बनाना बेहद शर्मनाक है। कई यूजर्स ने सलाह दी कि ऐसे मामलों में पुलिस में शिकायत दर्ज करानी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की ठगी पर रोक लग सके।

## भोजपुरी

### लखनऊ में पवन और समर अभिनीत फिल्म 'दानवीर' की शूटिंग शुरू



भोजपुरी सिनेमा स्टार पवन सिंह और समर सिंह के साथ प्रोड्यूसर इमरोज़ अख्तर (मुन्ना) ने बतौर निर्माता भोजपुरी फिल्म 'दानवीर' की शूटिंग लखनऊ में शुरू कर दी है। इस फिल्म की शूटिंग शुरू होने से पहले विधिवत ग्रैंड मुहूर्त किया गया। फिल्म की शूटिंग शुरू होने और दो बड़े सुपरस्टार पवन सिंह और समर सिंह को लेकर फिल्म बनाने से फैंस उत्साहित हैं। गौरतलब है कि सामाजिक सरोकार, दमदार एक्शन और भावनात्मक कहानी से सजी भोजपुरी फिल्म 'दानवीर' की शूटिंग उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के ऐतिहासिक स्थलों पर की जा रही है। वाई सी प्रॉपर्टीज़ एंड इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड और मारफा म्यूज़िक बैनर के तले बनाई जा रही फिल्म 'दानवीर' के निर्माता प्रेम पाल और अमृत कुमार हैं। इस फिल्म के को-प्रोड्यूसर इमरोज़ अख्तर (मुन्ना) हैं, जो पिछले दो दशक से फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े हैं। उन्होंने कई सुपरहिट भोजपुरी फिल्मों के निर्माण में अहम योगदान दिया है। फिल्म इंडस्ट्री में उनका महत्वपूर्ण स्थान है। इस फिल्म के लेखक और निर्देशक मनोज नारायण हैं, जिन्होंने कई सुपरहिट फ़िल्मों की मेकिंग व निर्देशन किया है। गीतकार छोटू, रत्नेश सिंह, संगीतकार प्रियांशु सिंह, सरगम, डीओपी देवेंद्र तिवारी, डांस मास्टर गोल्डी जायसवाल, सोनू, आर्ट डायरेक्टर पवन प्रजापति, ईपी आदित्य सिंह, प्रोडक्शन कंट्रोलर बबलू, प्रोडक्शन मैनेजर नितिन हैं।

## जेंडर-न्यूट्रल फैशन

आज जेंडर-न्यूट्रल फैशन पर युवा, जेन जी कंज्यूमर्स का बहुत ज़्यादा असर है, जो खुद को एक्सप्रेस करने और अपनी बात रखने के मामले में ज़्यादा वोकल होते हैं। वे क्रिएटिव तरीके से और लीक से हटकर सोच रहे हैं। गैलप की एक स्टडी से पता चला कि जेनरेशन जेड (जो 1997 और 2002 के बीच पैदा हुए हैं) में 6 में से 1 एडल्ट खुद को हेट्रोसेक्सुअल के अलावा कुछ और मानता है। डिज़ाइनर अक्सर सोशल डायनामिक्स के लिए एक ज़रिया होते हैं, जो बदलाव के प्रति रिस्पॉन्सिव और मौजूदा हालात पर रिएक्टिव होते हैं। कपड़ों के ज़रिए जेंडर एक्सप्रेशन के बारे में फिर से सोचना, और यह समझना कि लोग किसी जेंडर में बंधे नहीं रहना चाहते, यह बात मिलेनियल्स और जेनरेशन जेड को सड़क पर देखने से पता चलती है।




# सर्दी के मौसम में चेहरा चमकाएगा मक्के का आटा, जानें इसके इस्तेमाल का तरीका

सर्दी के मौसम में त्वचा काफी डल हो जाती है। ऐसे में हर कोई इस मौसम में अपनी त्वचा का खास ध्यान रखता है। इसके लिए लोग महंगे-महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट खरीदते हैं, और बहुत से लोग घरेलू नुस्खे अपनाते हैं। यदि आप भी उन लोगों में से हैं, जिन्हें घरेलू नुस्खों पर भरोसा है तो सर्दी के मौसम में आपको स्किन केयर में मक्के का आटा इस्तेमाल करना आना चाहिए। आप यदि हफ्ते में दो से तीन बार मक्के के आटे का फेसपैक इस्तेमाल करेंगे तो इससे आपका चेहरा खिल उठेगा।

मक्के का आटा एक स्क्रब की तरह काम करता है और डेड स्किन सेल्स को हटाने में मदद करता है। ऐसे में बिना सोचे हफ्ते में दो बार स्क्रब की तरह इसका इस्तेमाल करें।

मक्के के आटे का फेसपैक बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में मक्के का आटा लें। अब उसमें धीरे-धीरे कच्चा दूध डालें और अच्छे से मिलाएं। इसके बाद शहद और गुलाब जल मिलाकर एक गाढ़ा पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं। पैक लगाने के बाद 15-20 मिनट तक इसे सूखने दें। अब हल्के गुनगुने पानी से स्क्रब करते हुए चेहरा धो लें।




### पैक इस्तेमाल करते समय रखें ध्यान

वैसे तो ये फेसपैक पैक आपकी त्वचा को प्राकृतिक रूप से स्वस्थ और चमकदार बनाएगा। लेकिन इसके इस्तेमाल के समय आपको कुछ बातों का ध्यान रखना है। यदि आपकी त्वचा संवेदनशील है, तो पहले पैच टेस्ट करें। इस फेसपैक को आंखों और होंठों के आसपास न लगाएं। कई बार ये आंखों के अंदर चला जाता है, जो दिक्कत पैदा कर सकता है।

# नए साल की पार्टी में बिखेरना है जलवा तो तैयार होते समय रखें इन बातों का ध्यान



नया साल हर किसी के जीवन में ढेर सारी खुशियां लेकर आता है। हर कोई नए साल का स्वागत अपने-अपने तरीके से करता है। बहुत से लोग इस दिन मंदिर, चर्च, गुरुद्वारा जाते हैं, तो वहीं बहुत से लोग अपने नए साल की शुरुआत पार्टी के साथ करते हैं। नए साल के मौके पर जगह-जगह पार्टी का आयोजन होता है। ऐसे में यदि आप भी किसी पार्टी में जा रही हैं तो आपने अपना आउटफिट तो प्लान कर ही लिया होगा। यदि आउटफिट प्लान नहीं किया है तो हम आपकी इसमें मदद करने जा रहे हैं। यहां हम आपको कुछ ऐसी टिप्स देंगे, जिसको फॉलो करके आप अपने लुक को पार्टी के अनुकूल बना सकती हैं। इन टिप्स को फॉलो करके यदि आप तैयार होंगी, तो न सिर्फ आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा, साथ ही में आपका लुक पार्टी में सबसे अलग और खूबसूरत लगेगा।



### ऐसे करें आउटफिट का चयन



जिस न्यू ईयर की पार्टी में आप जा रही हैं, यदि वहां को कोई थीम है तो उसके अनुसार ड्रेस चुनें। हमेशा ऐसी ड्रेस पहनें जिसमें आप सहज महसूस करें। लंबे समय तक असहज कपड़े आपको परेशान कर सकते हैं। सर्दियों की पार्टी के लिए वेलवेट, साटन या स्वेटर स्टाइल टॉप्स अच्छे विकल्प हो सकते हैं। ये आपको सर्दी से भी बचाते हैं।

### पार्टी आउटफिट का रंग हो सही

पार्टी में कभी भी हल्के रंग के कपड़े नहीं पहनने चाहिए। पार्टी के माहौल के अनुसार हमेशा ग्लिटरी या मेटालिक कलर पहनें। खासतौर पर न्यू ईयर पार्टी के लिए गोल्ड, सिल्वर, ब्लैक और रेड शेड्स अधिक उपयुक्त रहते हैं, ये आपको ग्लैमरस दिखाने में मदद करते हैं।

### सही हो फुटवियर

अगर डांस करना है, तो कंफर्टेबल हील्स या फ्लैट्स पहनें। ऐसी हील्स बिल्कुल भी न पहनें, जिसे कैरी करने के बाद आपको असहज महसूस होता है। अगर आउटडोर पार्टी है, तो मौसम के अनुसार बूट्स या हील्स चुनें, ताकि आपका लुक अच्छा दिखे। पार्टी के अनुसार ग्लैमरस मेकअप करें, लेकिन इसे ज्यादा ओवर न करें। नए साल की पार्टियों में डांस भी होता है।

# घर पर आसान विधि से बनाएं बॉडी वॉश, बिना केमिकल के होगा तैयार

कई बार ऐसा होता है कि बाजार में मिलने वाला बॉडी वॉश लोग केमिकल के डर की वजह से नहीं खरीदते हैं, ऐसे में हम आपको घर पर ही बॉडीवॉश बनाने का तरीका बताने जा रहे हैं। भले ही इससे बाजार के जैसा झाग नहीं निकलेगा, लेकिन केमिकल रहित होने की वजह से ये आपकी त्वचा को काफी फायदा पहुंचाएगा। ऐसे में आइए आपको बिना देर किए घर पर ही बॉडी वॉश बनाने का तरीका बताते हैं।



### बॉडी बॉश बनाने का सामान

बॉडी बॉश बनाने के लिए सबसे पहले एक छोटे बर्तन में नारियल तेल डालें। अब इसमें शहद और गुलाब जल डालकर अच्छे से मिला लें। शहद आपकी त्वचा को मुलायम बनाएगा और गुलाब जल से ताजगी मिलेगी। अब इसमें अपना पसंदीदा और आवश्यक लैवेंडर का तेल डालें। इस तेल की खुशबू आपको तरोताजा कर देगी। अगर आप नीम का पाउडर या चंदन पाउडर इस्तेमाल कर रहे हैं, तो इन्हें डालकर अच्छे से मिला लें। अब आपका प्राकृतिक बॉडी वॉश तैयार है। इसे एक एयरटाइट बोतल में भरकर रख सकते हैं। नहाते समय एक छोटी सी मात्रा लें और गीले शरीर पर लगाकर अच्छे से मसाज करें, फिर पानी से धो लें।

### इस बात का रखें ध्यान

इस प्राकृतिक बॉडी वॉश का इस्तेमाल आपकी त्वचा को नर्म और ताजगी से भरपूर रखेगा। बस इसे बनाकर कमरे के तापमान पर रखें, वरना इसके खराब होने का डर बना रहेगा। इसे बनाकर एक बार पैच टेस्ट कर लें, ताकि आपको किसी तरह की एलर्जी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# लेदर जैकेट असली है या नकली, इन तरीकों से पहचानें

वैसे तो लेदर की जैकेट काफी महंगी आती है, लेकिन कई जगह लोग कम दामों में भी लेदर जैकेट बेच देते हैं। ये जैकेट असली है या नकली, खरीदने से पहले इस बात का पता लगाना बेहद जरूरी होता है। ऐसे में हम आपको यहां असली और नकली लेदर जैकेट की पहचान का तरीका बताने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करके आप असली प्रोडक्ट ही खरीदेंगे।



### गंध की पहचान करें

लेदर खरीदते समय इस बात का खास ध्यान रखें कि असली चमड़ा प्राकृतिक रूप से एक खास गंध छोड़ता है, जोकि मिट्टी जैसी होती है, जबकि नकली (सिंथेटिक) चमड़ा आमतौर पर एक रासायनिक गंध छोड़ता है, जो प्लास्टिक या कृत्रिम सामग्रियों से मिलता-जुलता होता है।

### छूकर देखें

ध्यान रखें कि असली चमड़ा मुलायम, लचीला और गर्म महसूस होता है, जबकि नकली चमड़ा आमतौर पर ठंडा, कठोर और चिकना लगता है। असली लेदर को दबाने पर उसमें रिंकल्स पड़ने लगते हैं, जबकि नकली वाले में कोई फर्क नहीं पड़ता, ये काफी मुलायम होता है।

### सतह करें चेक

असली चमड़े की सतह पर काफी खामियां होती हैं और रेखाएं बनी होती हैं, जबकि नकली चमड़े में एक समतल और म्यूट दिखने वाली सतह होती है, जिसमें कोई प्राकृतिक अनियमितताएं नहीं होतीं।

### पानी के साथ करें टेस्ट

असली चमड़ा पानी को सोख लेता है, जिससे यह थोड़ा गीला और सूखने पर मुलायम हो जाता है। नकली चमड़ा पानी को अपने ऊपर रखता है और वह इसका अवशोषण नहीं करता, बल्कि सतह पर पानी की बूंदें रहती हैं। असली चमड़ा बहुत लचीला और नरम होता है, जिसे आसानी से मोड़ा या खींचा जा सकता है जबकि नकली चमड़ा तंग और कठोर होता है, और उसे मोड़ने पर यह टूट सकता है ।

## कार्नर न्यूज

### ठंड के मौसम में मेंस फैशन में बहुत कुछ है ध्यान देने लायक

# सर्दी के मौसम में पुरुषों को भी रखना चाहिए अपनी त्वचा का खास ध्यान, कुछ टिप्स आजमा कर छा जाएं महफिल में

दिसंबर के आखिर में सर्द हवाएं चलना शुरू हो गई हैं। आलम तो कुछ ऐसा है कि लोग सुबह और शाम घर से पूरी तरह पैक होकर ही निकल रहे हैं। इस मौसम में जो हवाएं चलती हैं, उनकी वजह से न सिर्फ स्वास्थ्य खराब होता है, बल्कि इसकी वजह से त्वचा की नमी भी खोने लगती है। महिलाएं तो अपनी त्वचा का ध्यान खासतौर पर रख लेती हैं, लेकिन पुरुष अक्सर त्वचा का ध्यान रखने में लापरवाही बरतने लगते हैं। यही वजह है कि कड़ाके की सर्दी में उनकी त्वचा और भी ज्यादा डल लगने लगती है। ऐसे में हर पुरुष को अभी से अपनी त्वचा का खास ध्यान रखना चाहिए। बहुत से पुरुषों तो इस बात का आइडिया ही नहीं होता है कि वो कैसे अपनी त्वचा का ध्यान रखें। इसीलिए यहां हम आपको पुरुषों के लिए टिप्स देने जा रहे हैं, ताकि वो भी अपनी त्वचा का ध्यान रख सकें।

### मॉइस्चराइजर का उपयोग करें

महिलाओं के साथ-साथ पुरुषों की त्वचा भी सर्दी के मौसम में रूखी हो जाती है। ऐसे में दिन में कम से कम दो बार मॉइस्चराइजर लगाएं। ध्यान रखें कि चेहरे और हाथ-पैर के लिए अलग-अलग मॉइस्चराइजर आता है। चेहरे के लिए हल्के और नॉन-ग्रीसी मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें।



### ज्यादा गर्म पानी से रहें दूर

सर्दी से बचने के लिए लोग अक्सर खूब तेज गर्म पानी से नहा लेते हैं। जबकि ज्यादा गर्म पानी से नहाने से त्वचा की नमी खत्म हो सकती है। इसलिए नहाने के लिए हमेशा गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। नहाने के तुरंत बाद त्वचा पर मॉइस्चराइजर लगाना न भूलें।


महिलाओं की तरह पुरुषों को भी सनस्क्रीन का इस्तेमाल नियमित रूप से करना चाहिए। सर्दियों में भी सूरज की यूवी किरणें त्वचा को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इसलिए सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें।

यदि आप अपना लुक खराब नहीं करना चाहते तो होंठों का खास ध्यान रखें। सर्दियों में होंठ फटने से बचाने के लिए लिप बाम का इस्तेमाल करें। ऐसे लिप बाम चुनें जिनमें शिया बटर या नारियल तेल हो।

### शेविंग के बाद करें ये

पुरुषों को सर्दी के मौसम में शेविंग के बाद त्वचा का खास ध्यान रखना चाहिए। इसके लिए शेविंग के बाद त्वचा को मॉइस्चराइज करना न भूलें। इस मौसम में हमेशा अच्छी क्वालिटी का शेविंग क्रीम और आफ्टरशेव का इस्तेमाल करें।

### स्क्रबिंग करें



सप्ताह में एक बार चेहरे को एक्सफोलिएट करें ताकि मृत त्वचा सेल्स हट सकें और त्वचा चमकदार बनी रहे। इसके लिए हमेशा जेंटल स्क्रब का इस्तेमाल करें ताकि त्वचा पर अधिक खिंचाव न पड़े। इन सुझावों को अपनाकर पुरुष अपनी त्वचा को सर्दियों में भी स्वस्थ और चमकदार बना सकते हैं। नियमित देखभाल से त्वचा की प्राकृतिक नमी बरकरार रहेगी और त्वचा संबंधी समस्याएं दूर रहेंगी।